Samyak

An Institute For Civil Services

करेंट अफेयर्स

मासिक समसामयिकी

सितंबर - 2023

विशेष आकर्षण

- अंतर्राष्ट्रीय घटनाचक्र
- राष्ट्रीय घटनाचक्र
- राजस्थान घटनाचक्र
- योजना / कुरुक्षेत्र सार
- रक्षा/विज्ञान प्रौद्योगिकी
- आर्थिक घटनाचक्र
- खेल जगत



सभी प्रतियोगी परीक्षाओ के लिए उपयोगी

INDEX

		पेज नं.
1	अंतरराष्ट्रीय परिदृश्य	1 – 5
2	राष्ट्रीय परिदृश्य	6 – 10
3	आर्थिक परिदृश्य	11
4	राजस्थान परिदृश्य	12 – 15
5	रक्षा विज्ञान एवं तकनीकी	16 – 18
6	इंडेक्स एवं रिपोर्ट	19
7	चर्चित स्थल	19
8	चर्चित व्यक्तित्व	20
9	खेल	21 – 22
10	पुरस्कार, पुस्तकें एवं नियुक्तियाँ	23 – 26
11	निधन	26 – 27
12	प्रमुख दिवस एवं सप्ताह	28
13	जिस्ट : योजना (सितंबर, 2023) कुरूक्षेत्र	29 – 52
14	आलेख/संपादकीय	53 – 63
15	मॉडल प्रश्न पत्र	64 – 67

मासिक करेंट अफेयर्स

सितंबर : 2023

1. अंतरराष्ट्रीय परिदृश्य

नई दिल्ली जी-20 शिखर सम्मेलन

- **जी-20 क्या है?** :- जी-20 (G-20) एक अन्त: सरकारी मंच है जिसमें 19 सम्प्रभु (Sovereign) राज्य, अफ्रीकीय संघ और यूरोपीय संघ शामिल है। यह वैश्विक अर्थव्यवस्था से संबंधित प्रमुख मुद्दों को संबोधित करने के लिए काम करता है। यह 1999 में स्थापित हुआ था।
- पहला संस्करण-2008, वॉशिंगटन, यू.एस.ए.।
- 17वां संस्करण-बाली, इंडोनेशिया, 2021
- **मेजबान**-भारत दिनांक-9-10 सितंबर, 2023 (संस्करण-18वां)।
- 19वां संस्करण-रियो डी जनेरियो, ब्राजील, 2024
- **स्थान**-'भारत मंडपम्' (अंतर्राष्ट्रीय प्रदर्शनी-कन्वेंशन सेंटर)।
- **थीम**-'एक पृथ्वी, एक परिवार, एक भविष्य' एवं ''वसुधैव कुटुम्बकम'' (महा उपनिषद)।

उद्देश्य-'जी-20 भारत में जी-20 वार्ता में भारत के छह प्राथमिक उद्देश्य'।

1. हरित विकास, जलवायु वित्त और LiFE (Life Style For Environmet)
2. त्वरित, समावेशी और लचीला विकास।
3. सतत विकास लक्ष्यों (SDG's) पर प्रगति में तेजी लाना।
4. तकनीकी परिवर्तन और डिजिटल सार्वजनिक अवसंरचना।
5. 21वीं सदी के लिए बहुपक्षीय संस्थाएँ।
6. महिला नेतृत्व वाला विकास।

- **सम्मेलन में शामिल सदस्य**:- अर्जेंटीना, ऑस्ट्रेलिया, ब्राजील, कनाडा, चीन, फ्रांस, जर्मनी, भारत, इण्डोनेशिया, इटली, जापान, मैक्सिको, कोरिया गणराज्य, रूस, सऊदी अरब, दक्षिण अफ्रीका, तुर्किए, यूनाईटेड किंगडम, संयुक्त राज्य अमेरिका और यूरोपीय संघ।
- **आमंत्रित सदस्य**-बांग्लादेश, मिस्त्र, मॉरीशस, नीदरलैण्ड, नाइजीरिया, ओमान, सिंगापुर, स्पेन व संयुक्त अरब अमीरात।
- अफ्रीकी संघ (African Union -AU) को जी-20 के स्थायी सदस्य के रूप में शामिल किया गया।
- आईएमईसी (IMEC)-भारत मध्य-पूर्व-यूरोप कॉरीडोर (India- Middle East-Europe-Economic Corridor) पारित किया गया।
- IMEC में रेलवे, जहाज, पारगमन एवं सडक परिवहन मार्ग शामिल है जो भारत को खाड़ी क्षेत्र से ईस्टर्न कॉरीडोर और खाडी को यूरोप से नॉर्दन कोरिडोर को जोड़ेगा।



वैश्विक जैव-ईंधन गठबंधन GBA - (Global Biofuel Alliance) की घोषणा

- **जैव ईंधन क्या है?** ये ईंधन ऐसे ईंधन है जो जीवित रही सामग्री से बने होते है। इन्हें बार-बार उगाई जाने वाली पौधों या वनस्पति फसलों से निर्मित किया जाता है और इसलिए इन्हें नवीकरणीय ऊर्जा के रूप में जाना जाता है।
- GBA का शुभारंभ 9 सितंबर, 2023 को हुआ था और इसका मुख्य उद्देश्य ''जैव ईंधन का विकास और जैव ईंधन का ऊर्जा ट्रांसमिशन की कुंजी के रूप में स्थापित करते हुए उपभोक्ताओं और उत्पादों को एक साथ लाना।''
- दिल्ली घोषणा पत्र के अंतर्गत वैश्विक मुद्दो पर चर्चा की।
- महिला सशक्तिकरण के लिए एक कार्य समूह के गठन को मंजूरी जिसकी पहली बैठक ब्राजील की जी-20 अध्यक्षता के दौरान होगी।
- SDG को हासिल करने के लिए पर्यटन में 'गोवा रोडमैप' और ''ट्रैवल फॉर लाइफ'' कार्यक्रम का समर्थन किया।

G-20 में प्रदर्शित प्रमुख हस्तकला, शिल्पकला और सांस्कृतिक वस्तुएँ

- भगवान नटराज की 28 फीट ऊँची कांस्य प्रतिमा (चोलशैली)
- ओडिशा के सूर्य मंदिर का कोणार्क चक्र और नालंदा विश्वविद्यालय की छवि।
- तंजावुर पेंटिंग
- ढोकरा कला
- बोधि वृक्ष के नीचे स्थापित भगवान बुद्ध की पीतल की मूर्ति।
- विविध संगीत विरासत (हिंदुस्तानी, लोक संगीत, कर्नाटक, भक्ति)
- 29 देशों की 29 भाषाओं में ''वसुधैव कुटुम्बकम्'' लिखा गया है।
- लोंगपी पॉटरी (मणिपुर)
- छत्तीसगढ़ पवन बाँसुरी
- गोंड पेंटिंग्स
- गुजरात हैंगिंग्स
- भेड़ ऊन के स्टोल (हिमाचल प्रदेश), जम्मू कश्मीर
- अराकू वैली कॉफी (आंध्र प्रदेश)
- राजस्थानी मोजेक लैप, अम्बाबाड़ी, मेटलवर्क और मीनाकारी शिल्प।
- पिथौरा कला (परेशभाई जयंतीभाई राठवा)

राजस्थान में आयोजित G-20 सम्मेलन

1. 4-7 दिसंबर, 2022-G-20 शेरपा-उदयपुर
2. 2-4 फरवरी, 2023-G-20 डेलिगेट्स रोजगार सम्मेलन-जोधपुर
3. मार्च, 2023-G-20 -सस्टेनेबल फाइनेंस वर्किंग ग्रुप-उदयपुर
4. 13-14 अप्रैल, 2023 W-20 (महिला फोरम), जयपुर
5. 23-25, अप्रैल, 2023-G-20 पर्यटन एक्सपो , जयपुर

भारत-सऊदी अरब ऊर्जा समझौता ज्ञापन:-

- 10 सितंबर, 2023 को भारत-सऊदी अरब के मध्य ऊर्जा क्षेत्र के सहयोग समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर हुए।
- इस दौरान 'भारत-सऊदी अरब स्ट्रेटेजिक पार्टनरशिप कॉउन्सिल' की पहली बैठक के तहत प्रस्तावित रत्नगिरि 3. (महाराष्ट्र) 'वेस्ट कोस्ट रिफाइनरी परियोजना' पर कार्य सुगम बनाने और तेजी लाने के लिए सहमति व्यक्त की।

मोदी-बाइडेन की द्विपक्षीय वार्ता

- जी-20 शिखर सम्मेलन में शामिल होने के उद्देश्य से आए यू.एस.ए के राष्ट्रपति जो बाईडेन और भारतीय प्रधानमंत्री माननीय श्री नरेन्द्र मोदी के बीच हुई द्वीपक्षीय वार्ता।

इस वार्ता के प्रमुख बिंदु

- अमेरिका ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में 2028-29 में गैर स्थायी सीट में भारत की उम्मीदवारी का समर्थन किया।
- वैश्विक सेमीकंडक्टर आपूर्ति श्रृंखलाओं के निर्माण के लिए अपना समर्थन दोहराया।
- अमरीकी कांग्रेस द्वारा जीई-एफ-414 फाइटर ईंजन के भारत से समझौते को मंजूरी दी जिससे इस ईंजन का भारत में बनाने की प्रक्रिया सरल हो गई। इस समझौते के तहत हिन्दुस्तान एयरोनोटिक्स लिमिटेड (HAL) और जीई एयरोस्पेस (GE Aerospace) इस प्रोजेक्टर पर संयुक्त कार्य करेंगे और इसके अंतर्गत तकनीक हस्तातंरण जेट ईंजन का भारत में निर्माण व लाइसेंसिग को शामिल किया गया।
- इसके अतिरिक्त भारत ने 'यूएस रिप एण्ड रिप्लेस प्रोग्राम' में रूचि दिखाई अथवा दोनों देशों ने क्वांटम एटैंगलमेंट एक्सचेंज (Quantum Entanglement Exchange) के माध्यम से मिलकर काम करने की प्रतिबद्धता दोहराई।
- प्रौद्योगिकी एवं अनुसंधान से संबंधित दोनों देशों के मध्य 'ओपन रैन' (Open RAN) तथा 5जी एवं 6जी के विकास हेतु दो संयुक्त कार्यों पर समझौता किया।

लिप्टाको-गौरमा चार्टर (Liptako-Gourma Charter)

- 16 सितंबर, 2023 को अफ्रीकी महाद्वीपीय के तीन साहेल देश (माली, नाइजर और बुर्किना फासो) ने 'लिप्टाको गौरमा चार्टर' पर हस्ताक्षर किए जिसके तहत 'साहेल गठबंधन' की स्थापना की जाएगी।
- इस चार्टर के तहत सम्मिलित देशों में से किसी एक पर हमला हुआ तो दूसरे देशों को सैन्य सहायता करनी पड़ेगी।

साहेल क्या है

- साहेल राजनीतिक एवं भौगोलिक स्थितियों से बना हुआ एक अर्ध शुष्क क्षेत्र है जो सहारा रेगिस्तान और सवाना भूमि के मध्य में स्थित है। साहेल में कई देश शामिल है-जैसे की माली, चैड, नाइजर, बुर्किना फासो और सेनेगल इत्यादि।
- लिप्टाको-गौरमा का एक विवादास्पद क्षेत्र है जो जहा माली, बुर्कीना फासो और नाइजर की सीमाएं मिलती है जो कि सशस्त्र विद्रोहियों से त्रस्त रहा है।
- माली, नाईजर, बुर्किना फासो, चाड और मारिटानिया के साथ एक समय पर फ्रांसीसियों के अधीन थे और उसके तहत ये पाँच साहेल (अफ्रीकी) देश फ्रांस समर्थित जी-5 साहेल गठबंधन संयुक्त बल के सदस्य थे। इस समूह का गठन 2017 में अलकायदा और आईएसआईएस से जुड़े सशस्त्र बलों से मुकाबला करने के लिए हुआ था।
- वर्ष 2020 के बाद नाईजर, माली और बुर्किना फासो में तख्तापलट हुआ और हाल ही में नाइजर में तख्तापलट हुआ है जहाँ सैनिकों ने राष्ट्रपति मोहम्मद बजौम को जुलाई, 2023 में उखाड़ फेंका था।

I2U2 ने की अंतरिक्ष उद्यम की घोषणा

- आई 2 यू 2 (I2U2) देशों की बढ़ती भागीदारी और नवाचार के तहत नई संयुक्त अंतरिक्ष उद्यम की घोषणा 22 सितंबर को की गई जिसका प्रमुख उद्देश्य संस्थानों, नीति निर्माताओं और उद्यमियों के लिए एक महत्वपूर्ण अंतरिक्ष आधारित उपकरण विकसित करना है और मानवता के कल्याण3ा हेतु अंतरिक्ष संसाधनों और डाटा का इस्तेमाल करना।

I2U2 देशों के अंतरिक्ष संगठन

- **I2U2** - India, Israel, United States of America, United Arab Emirates-
- **इजराइल**-इजराइल स्पेस एजेंसी (ISA-Israel Space Agency)
- **इंडिया (भारत)**-इंडियन स्पेस रिसर्च ऑर्गनाइजेशन (ISRO-Indian Space Research Organisation)
- **यू.एस.ए. (USA)**-नेशनल एयरोनॉटिक्स एंड स्पेस एडमिनिस्ट्रेशन (National Aeronaives and Space Administration)
- **यू.ए.ई. (UAE)**.यनाइटेड अरब अमिरात स्पेस एजेंसी (UAESA-United Arab Emirates Space Agency)

43वाँ आसियान शिखर सम्मेलन, 2023

- Association of South East Asian Nation
- स्थापना-8 अगस्त, 1967 को थाईलैण्ड, बैकॉक में।
- दिनांक-5-7 सितंबर, 2023
- स्थल-जकार्ता (Jakarta), (इण्डोनेशिया)
- थीम-आसियान महत्वपूर्ण है विकास का केन्द्र बिंदु (ASEAN Matter Epicentrum of Growth)

आसियान देश (ASEAN Countries)

1. ब्रूनेई दारुसलाम
2. कंबोडिया
3. इंडोनेशिया
4. लाओस
5. मलेशिया
6. म्यांमार
7. फीलीपींस
8. सिंगापुर
9. थाईलैंड
10. वियतनाम

- ASEAN देशों ने 43वें शिखर सम्मेलन के तहत कार्यान्वयन और सुरक्षा, अर्थव्यवस्था और संस्कृति-समाज के तीनों महत्वपूर्ण क्षेत्रों का मंथन 'आसियान समुदाय विज़न-2025' (ASEAN Community Vision-2025) के तहत कर ब्लूप्रिंट जारी किया।

- इसके अतिरिक्त 2021 में म्यांमार में हुए तख्तापलट से गहराए संकट पर भी चर्चा हुई। इस तख्तापलट के चलते ASEAN समूह ने 2026 में क्षेत्रीय समूह की अध्यक्षता से भी वंचित कर दिया है।

आसियान-भारत शिखर सम्मेलन (ASEAN-India Summit)

- आसियान शिखर सम्मेलन के समानांतर '20वे आसियान-भारत शिखर सम्मेलन' एवं '18वें पूर्वी एशिया शिखर सम्मेलन' का आयोजन इंडोनेशिया की राजधानी जकार्ता (Jakarta) में 7 सितंबर, 2023 को हुआ।
- दोनों उपर्युक्त आयोजनों में भारतीय प्रधानमंत्री माननीय श्री नरेन्द्र मोदी ने शिरकत दी।

20वें आसियान-भारत शिखर सम्मेलन में चर्चित मुद्दे निम्नलिखित है।

- तिमोर-लेस्ते में एक भारतीय दूतावास खोलने की घोषणा।
- भारत की बढ़ती तकनीकी उड़ान के परिणामस्वरूप 'डिजिटल पब्लिक इफ्रास्ट्रक्चर स्टैक' (Digital Public Infrasturcture Stack) को साझा करने की पेशकश।
- दक्षिण-पूर्व एशिया भारत-पश्चिम एशिया यूरोप को जोड़ने वाली मल्टी मॉडल कनेक्टिवीटी और आर्थिक गलियारे की स्थापना।
- डिजिटल भविष्य के लिए आसियान-भारत कोष की घोषणा।
- आसियान और पूर्वी एशिया के आर्थिक और अनुसंधान संस्थान EIERA-East Asia Economic and Research Agency के पुनः स्थापना को समर्थन की घोषणा।
- आसियान देशों को भारत में डब्ल्यूएचओ (WHO) द्वारा स्थापित किए जा रहे 'ग्लोबल सेंटर फॉर ट्रेडिशनल मेडिसिन' Global Centre for Tradition Medicine में शामिल हाने का आह्वान।

  'GCTM' का एक सुलभ, पर्यावरण अनुकूल और इंटरेक्टिव (Interactive) सुविधा है जो पारंपरिक दवा और चिकित्सा में पारंपरिक और आधुनिक वैज्ञानिक अनुसंधान और प्रगति का उपयोग करेगी। भारत में ऐसा वैश्विक केन्द्र जामनगर, गुजरात में स्थित है।
- मिशन लाइफ (Mission LiFE) Lifestyle for the Environment में एक जुट काम करने का आमंत्रण।

संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा सतत विकास लक्ष्यों पर पारित राजनैतिक घोषणा पत्र

- संयुक्त राष्ट्र महासभा में विश्व नेताओं ने 17 सतत विकास लक्ष्यों (SDG- Sustainable Development Goals) को लागू करने की प्रक्रिया में तेज़ी लाने के लिए 18 सितंबर, 2023 को एक अभूतपूर्वक राजनैतिक घोषणा पत्र को अपनाया है।

17 सतत विकास लक्ष्य निम्नलिखित हैं-

1. कोई गरीबी नहीं
2. शून्य भूख
3. अच्छा स्वास्थ्य और कल्याण
4. गुणवत्तापूर्ण शिक्षा
5. लैंगिक समानता
6. स्वच्छ पानी और स्वच्छता
7. सस्ती और स्वच्छ ऊर्जा
8. सभ्य कार्य और आर्थिक विकास
9. उद्योग, नवाचार और बुनियादी ढांचा
10. असमानताओं में कमी
11. टिकाऊ शहर और समुदाय
12. जिम्मेदार उपभोग और उत्पादन
13. जलवायु कार्रवाई
14. पानी के नीचे जीवन
15. भूमि पर जीवन
16. शांति, न्याय और मजबूत संस्थान
17. लक्ष्यों के लिए साझेदारी

विविधः-

- ग्रीस के एपिरस में माउंट पिंडस पर जागोरोचोरिया या जागोरी के गाँव जो की पारंपरिक, सुरम्य गाँवों का एक समूह है, उन्हें UNESCO को विश्व विरासत सूची में शामिल कर लिया गया है।
- **डेनियल तूफानः-**
  - **प्रभावित देशः**-लिबिया (उत्तरी अफ्रीका)
  - **कबः**-10 सितंबर, 2023
  - **प्रभावित क्षेत्रः**-बेनगाजी, सुसा, बायदा, अज-मर्ज, डेरना शहर आदि।
- 'भारत-लैटिन अमेरिका सांस्कृतिक फिल्मोतसव' का चौथा संस्करण 'भारतीय सांस्कृतिक संबंध परिषद्' द्वारा 28 सितम्बर 2023 को नई दिल्ली में आयोजित किया गया।

- भारत एवं अमेरिका के मध्य 7वीं 2 + 2 मंत्रीस्तरीय वार्ता का आयोजन वाशिंगटन में किया गया।
- कामी रीता शेरपा ने 42वी बार 8000 फीट ऊँचाई की चढ़ाई कर निम्स पुर्जा का विश्व रिकॉर्ड तोड़ दिया है।
- कमल मेंधरजानी को 15 लोग सहित 'व्हाइट हाउस फेलो' की 2023-24 (कैंसर चिकित्सक) की श्रेणी के लिए सितंबर, 2023 में चयनित किया गया।
- इंटरनेशनल इंस्टीट्यूट फॉर मैनेजमेंट डेवलपमेंट (International Institute for Management Development) के द्वारा जारी की गई 'विश्व प्रतिभा रैंकिंग, 2023 में स्विट्जरलैण्ड शीर्ष स्थान पर रहा एवं भारत की रैंक 56वी रही (2022 में 52वी थी)।
- ब्रिटेन में ब्रुसेला कैनिस (Brucella Canis) नामक एक रहस्यमयी जीवाणु संक्रमण जनित दुर्लभ बीमारी कुत्तों से इंसान में फैल रही है।
- वर्ष 1951 में इंडिया लीग द्वारा स्थापित 'इंडिया क्लब' जो की यूके में भारतीय समुदाय के लिए सामाजिक समारोह, सांस्कृतिक और भारतीय व्यंजनों के चर्चित था, उसे 17 सितंबर, 2023 को स्थायी रूप से बंद कर दिया गया। संस्थापक सदस्यों में वीके कृष्ण मेनन नेतृतव के अतिरिक्त लेडी माउंटबेटन और जवाहरलाल नेहरू शामिल थे।
- आर्मेनिया और अजरबैजान के मध्य में सैन्य संघर्ष का कारण 'नगोर्नो काराबाख' (Nagorno Karabakh) रहा, जो कॉकेरास (Caucosus) के पूर्वी भाग में पूर्वी यूरोप ओर मध्य एशिया में स्थित है।
- यूनाइटेड किंगडम ने यूरोपीय संघ के 'हॉराइजन साइंस रिचर्स प्रोग्राम' Horizon science research Program में पुनः शामिल होने का निर्णय 7 सितंबर, 2023 को लिया।
- वैज्ञानिक अनुसंधान और नवाचार के लिए यूरोपीय संघ का प्रमुख वित्त पोषण कार्यक्रम है। जिसके पाँच मुख्य मिशन है-
  - जलवायु परिवर्तन के अनुकूल ढलना।
  - जलवायु तटस्थ शहर बनाना।
  - कैंसर से लड़ना।
  - महासागरों को बहाल करना।
  - मिट्टी का संरक्षण करना।
- 'इंडिया ग्लोबल फोरम' ने 'वर्ल्ड गवर्नमेंट समिट' के सितंबर 2023 में उभरती अर्थव्यवस्था कार्यक्रम विकसित करने के लिए आशय पत्र पर हस्ताक्षर किए।
- बांग्लादेश सरकार ने लगभग 4000 मीट्रिक टन, हिल्सा मछलियों को अपने व्यापारियों को भारत को बेचने की अनुपति दी।
- 31 अगस्त, 2023 को राम सेवक शर्मा (TRAI के पूर्व अध्यक्ष) की अध्यक्षता में भारत-अमेरिका के मध्य इलेक्ट्रॉनिक्स व्यापार को 100 अरब डॉलर तक बढ़ाने के लक्ष्य को लेकर एक टास्क फोर्स का गठन किया गया।
- जॉर्जिया अमेरिका का पहला राज्य बना जिसने अक्टूबर को हिन्दू विरासत माह आधिकारिक तौर से मनाने की घोषणा की।

2. राष्ट्रीय परिदृश्य

106वाँ संविधान संशोधन अधिनियम

- नारी शक्ति वंदन अधिनियम शीर्षक वाले 128वें संविधान संशोधन विधेयक लोकसभा में 20 सितम्बर, 2023 तथा 21 सितम्बर, 2023 को राज्यसभा द्वारा पारित किया गया जिसे राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने 29 सितम्बर को अपनी मंजूरी दे दी। यह विधेयक महिला आरक्षण से सम्बन्धित है परंतु इसका लाभ जनगणना और परिसीमन के बाद मिलेगा। यह 106वाँ संविधान संशोधन अधिनियम होगा। (आरक्षण राज्यसभा और विधान परिषद पर लागू नहीं होगा।)
- नए संसद भवन में पारित होने वाला यह पहला विधेयक है।

विधेयक के प्रावधान

1. 'नारी शक्ति वंदन अधिनियम लोकसभा, राज्य विधानसभाओं और दिल्ली विधानसभा में महिलाओं को एक तिहाई आरक्षण प्रदान करता है।'
2. कानून लागू होने के बाद लोकसभा में महिला सदस्यों की संख्या 181 हो जाएगी (कुल 543)।
3. वर्तमान में आरक्षण 15 वर्ष के लिए रहेगा और संसद के पास इसको आगे बढ़ाने का प्रावधान रहेगा।
4. SC, ST की महिलाओं को आरक्षण को SC, ST कोटे से ही मिलेगा
   (वर्तमान SC, ST सीट-131 जिसका एक तिहाई 44 सीटे होगी)
5. इस विधेयक में OBC महिला आरक्षण के लिए प्रावधान नहीं है।
   संविधान में 73वें ओर 74वें संविधान संशोधन द्वारा ग्रामीण और शहरी स्थानीय निकायो में महिलाओं के लिए एक तिहाई आरक्षण अनिवार्य किया गया है।

- **भारत संसद का विशेष सत्र:**-पुरानी संसद का नामकरण 'संविधान सदन' किया गया।
- भारतीय संसद का छठा विशेष सत्र 18-22 सितंबर, 2023 को बुलाया गया जिसके तहत लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने प्रधानमंत्री के संसद भवन का नाम 'संविधान सदन' करे जाने के लिए प्रस्ताव स्वीकार किया।
- इस बदलाव की पुष्टि लोकसभा सचिवालय द्वारा एक अधिकारिक अधिसूचना के माध्यम से औपचारिक रूप दिया गया।

संसद के 8 विशेष सत्र

- **पहला**-14-15 अगस्त, 1947 (स्वतंत्रता के समय)
- **दूसरा**- नवंबर 1962 (भारत-चीन युद्ध की स्थिति पर चर्चा करना)
- **तीसरा**- 14-15 अगस्त, 1972 भारत की स्वतंत्रता के 25 वर्ष के उपलक्ष्य में
- **चौथा**- 9 अगस्त, 1992 (भारत छोड़ो आंदोलन की 50वीं वर्षगांठ)
- **पाचवां**- 14-15 अगस्त, 1997 (स्वतंत्रता के 50 साल पूरे)
- **छठा**- 26-27 नवबंर, 2015 (डॉ.बी.आर अंबेडकर की 125वीं जयंती)
- **सातवां**- 30 जून 2017 वस्तु एवं सेवा कर (GST)
- **आठवां**- 18-22 सितंबर, 2023 (नए संसद भवन में प्रवेश व नारी शक्ति वंदन अधिनियम पारित करने हेतु)

राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग को वैश्विक मान्यता

- WFME (World Federation For Medical Education) ने दस वर्षों के उल्लेखनीय कार्यकाल के लिए राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग (NMC-National Medical Commission) को वैश्विक मान्यता प्रदान की।
- **परिणामस्वरूप**-भारत में सभी 706 मौजूदा मेडिकल कॉलेजों को WFME से मान्यता प्राप्त हो जाएगी अथवा आगामी 10 वर्ष में स्थापित होने वाले नए मेडिकल कॉलेज को स्वत: मान्यता प्राप्त हो जाएगी।
- भारत मेडिकल स्नातक अब अमेरिका कनाडा, ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैण्ड जैसे देशों में स्नातकोत्तर और अभ्यास कर सकते है।
- 'राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग' (NMC) भारत का प्रमुख नियामक निकाय है जो चिकित्सा (शिक्षा और अभ्यास) का निरीक्षण करता है।

शांति निकेतन और होयसल मंदिर समूह यूनेस्को विश्व धरोहर स्थल में शामिल

- रियाद, सऊदी अरब में सितंबर, 2023 में आयोजित यूनेस्को के विश्व धरोहर सूची के 45वे सत्र में पं. बंगाल के 'शांति निकेतन' और कर्नाटक के प्रसिद्ध होयसल मंदिरों के समूह यूनेस्को विश्व धरोहर स्थल सूची में शामिल।

मुख्य तथ्य

- वर्तमान में भारत अपने चौथे कार्यकाल (2021-25) के लिए समिति के सदस्य है।7
- भारत के विश्व विरासत सूची में 42 स्थल शामिल है ओर भारत का विश्व में छठा स्थान है। (कुल 42-34 सांस्कृतिक, 7 प्राकृतिक और एक मिश्रित है।)

होयसल मंदिर समूह, हलेबिड

- निर्माण-12वीं से 13वीं शताब्दी के मध्य।
- होयसालेश्वर मंदिर का निर्माण केतुमल्ला सेट्टी (राजा विष्णुवर्धन का अधिकारी)।
- यह मंदिर भगवान शिव को समर्पित है।

केदारेश्वर मंदिर

- निर्माण-1173-1228 ई. में राजा वीरा बल्लाल-II द्वारा अपनी रानी केतला देवी के लिए करवाया गया था।
- यह मंदिर सोप स्टोन से निर्मित है और भगवान विष्णु और उनके अवतारों को समर्पित है।

बेल्लूर मंदिर समूह

- चन्नकेश्वर मंदिर
- निर्माण-राजा विष्णुवर्धन द्वारा 1104-1117 ई. के बीच कराया गया।

केशव मंदिर मैसूर

- स्थापित- सोमनाथपुरा, मैसूर
- निर्माण-1268 ई. में सोमदन्नायक (राजा नरसिम्हा III के मंत्री)

शांति निकेतन-

- देवेन्द्रनाथ टैगोर (रविन्द्रनाथ टैगोर के पिता) ने वीरभूमि जिले के बोलपुर में 1863 में शांति निकेतन आश्रम की स्थापना की। वर्तमान में यह 'विश्व भारतीय विश्वविद्यालय' के रूप में विख्यात है।

यूनेस्को (संयुक्त राष्ट्र शैक्षिक, वैज्ञानिक तथा सांस्कृतिक संगठन)

- संस्था का गठन (16 नवंबर, 1945), लंदन में
- मुख्यालय- पेरिस (फ्रांस)
- वर्तमान प्रमुख आंद्रे अजोले (महानिदेशक)
- 194 सदस्य देश

2023 टाइम्स 100 नेक्स्ट:

- द इमर्जिंग लीडर्स शेपिंग द वर्ल्ड की सूची में 3 भारतीय शामिल।
- 13 सितंबर को जारी सूची में 3 भारतीय शामिल
- हरमनप्रीत कौर-भारतीय महिला क्रिकेट टीम की कप्तान
- नंदिता वेंकटेशन - समाज सुधारक
- वीनू डेनियल-समाज सुधारक एवं शिक्षक

एनसीईआरटी को मिला डीम्ड यूनिवर्सिटी का दर्जा

- एनसीईआरटी (NCERT-National Council of Educational Research and Training) को संस्थान के 63वें स्थापना दिवस (1, सितंबर 2023) को शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान द्वारा डीम्ड यूनिवर्सिटी का दर्जा दिया गया, अब वह ग्रेजुएशन, पोस्टग्रेजुएशन और डाक्टरेट के कोर्स शुरू कर सकेगा।
- इसके अतिरिक्त NCERT कई तरह के एग्जाम, विभिन्न परिक्षाओं के लिए सिलेबस एग्जाम पैटर्न आदि डिजाइन करने का जिम्मा भी सौपा जा सकता है।
- **एनसीईआरटी (NCERT)**
  - स्थापना-27 जुलाई, 1961
  - ध्येय वाक्य-विद्ययया अमृतमश्नुते
  - वर्तमान निदेशक-डॉ.दिनेश प्रसाद सकलानी

विश्व के पहले पोर्टेबल अस्पताल का अनावरण

- प्रोजेक्ट भीष्म (BHISHM-Bharat Health Initiative for Sahyog Hita and Maitri) के अंतर्गत भारत ने विश्व के पहले पोर्टेबल आपदा अस्पताल का अनवारण सितंबर में किया। इस पोर्टेबल अस्पताल को 'आरोग्य मैत्री' (Aarogya Maitri Cube) नाम दिया गया है।

वीरांगना दुर्गावती बना मध्य प्रदेश का 7वाँ बाघ अभ्यारण्य

- मध्य प्रदेश सरकार ने 22 सितम्बर, 2023 नोटिफिकेशन जारी कर 'वीरांगना दुर्गावती' (नौराहदेही अभ्यारण्य-पूर्व नाम) को प्रदेश का 7वाँ बाघ अभ्यारण्य घोषित किया।

- सागर, दमोह और नरसिंहपुर में विस्तृत यह अभयारण्य लगभग 1414 वर्ग किमी. के कोर क्षेत्र और 925.12 वर्ग किमी बफर जोन में शामिल किया गया।
- **मध्य प्रदेश के अन्य अभयारण्य:**-कान्हा, बांधवगढ़, सतपुरा, पेंच, पन्ना और संजय डुबरी है।
- सबसे अधिक बाघो की संख्या देश में मध्यप्रदेश में है।

यशोभूमि

- माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने देश को 'यशोभूमि' का पहला चरण 17 सितंबर, 2023 को राष्ट्र को समर्पित किया।
- 'यशोभूमि' एक अंतराष्ट्रीय सम्मेलन और एक्पो केन्द्र है।

प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना

- भारत के ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों के कारीगरों और शिल्पकारों को सहायता प्रदान करने के लिए माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द मोदी ने विश्वकर्मा जयंती (17 सितम्बर, 2023) को प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना को लॉन्च किया।
- इस योजना के पहले चरण में-बढ़ई, नौका निर्माता, शस्त्रसमाज, लोहार, हथोड़ा और टूल किट निर्माता, इत्यादि (कुल 18 क्षेत्रों को शामिल किया गया है।)
- इस योजना को केन्द्र सरकार ने 13,000 करोड़ रुपये राशि से पूर्ण रूप से वित्त पोषित किया है।
- प्रशिक्षण के दौरान रुपये 500 प्रतिदिन भत्ता।
- आधुनिक उपकरणों और टूलकिट के लिए रुपये 15000 का वाउचर।
- 5% की ब्याज दर पर रुपये 1 लाख (पहली किश्त) और रुपये 2 लाख (दूसरी किश्त) तक सपार्श्विक मुक्त (Collateral free) ऋण सहायता

स्टेच्यू ऑफ वननेस

- 21 सितंबर, 2023 को मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने माधाता पर्वत पर ओंकारेश्वर में जगतगुरु 'आदि शंकाराचाय' की 108 फीट ऊँची प्रतिमा 'स्टेच्यू ऑफ वननेस' (Statue of Oneness) का अनावरण किया।
- इसके अलावा 'अद्वैत लोक' नाम से एक संग्राहलय और आचार्य शंकर अद्वैत वेदांत संस्थान भी बनाया गया है।

आदि शंकराचार्य:

- 8वीं शताब्दी के महान दार्शनिक एवं धर्म प्रवर्तक थे।
- अद्वैत वेदांत को ठोस आधार प्रदान किया।
- कृति: बृह्मसूत्रभाष्य।

2nd कलिंग साहित्य उत्सव:-

- **आयो**जन:- 1 सितम्बर से 3 सितम्बर, 2023
- **आयोजन स्थल**- काठमांडू (नेपाल)
- उद्देश्य:-भारत, नेपाल संबंधों को मजबूत करते हुए गौतम बुद्ध की शिक्षाओं का प्रचार-प्रसार करना।
- **आयोजनकर्त्ता:**-KLF एवं यशस्वी प्रज्ञा प्रतिष्ठान (ओडिसा)।
- **विषय:**- 'शक्ति एवं भक्ति सभ्यागत संबंध:-वैश्विक विचार केन्द्र के रूप में नेपाल'

''आयुष्मान भव:'' अभियान:-

- **उद्**घाटन:-13 सितम्बर, 2023 को राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू द्वारा।
- **आयोजक:**-केन्द्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय (भारत सरकार)।
- उद्देश्य:-देश के प्रत्येक गांव एवं कस्बे तक स्वास्थ्य सेवाओं की पहुँच सुनिश्चित करना।

एक राष्ट्र, एक चुनाव

- **रामनाथ कोविंद (पूर्व राष्ट्रपति) की अध्यक्षता** में केन्द्र सरकार ने **'एक राष्ट्र, एक चुनाव' योजना** की व्यवहार्यता का पता लगाने के लिए **एक उच्चस्तरीय समिति** का गठन '2 सितंबर, 2023' को किया गया।

उच्चस्तरीय समिति:-रामनाथ कोविंद (अध्यक्ष)

1. श्री अमित शाह, केन्द्रीय गृहमंत्री और सहकारिता मंत्री
2. श्री गुलाब नबी आज़ाद, पूर्व नेता विपक्ष, राज्यसभा
3. श्री अर्जुन मेघवाल, राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कानून और न्याय मंत्रालय
4. श्री एन.के. सिंह, पूर्व अध्यक्ष, वित्त आयोग (15वीं)
5. डॉ. सुभाष, सी कश्यप, लोकसभा के पूर्व महासचिव
6. श्री हरिश साल्वे, वरिष्ठ अधिवक्ता
7. श्री संजय कोठारी, पूर्व मुख्य सतर्कता आयुक्त

- **सचिव** - श्री नितेन चंद्रा

प्रमुख पोर्टल (राष्ट्रीय)

1. **UPAg पोर्टल (Unified portal for Agricultural Statistics)**
   - **प्रारंभ** – 15 सितम्बर 2023।
   - **प्रारंभकर्त्ता:**-प्रोफेसर रमेश चंद [सदस्य, नीति आयोग]
   - **उद्देश्य**-कृषि क्षेत्र से जुड़ी जटिल प्रशासनिक समस्याओं का समाधान करना एवं डेटा प्रबंधन करना।

2. **स्किल इंडिया डिजिटल प्लेटफॉर्म**
   - **प्रारंभ:**- 13 सितम्बर 2023।
   - **प्रारंभकर्त्ता**-केन्द्रीय शिक्षा एवं कौशल विकास मंत्री 'धर्मेन्द्र प्रधान'।
   - **उद्देश्य**-भारत में कौशल, शिक्षा, रोजगार और उद्यमिता का डिजिटल रूपांतरण करना।
   - यह एक अत्याधुनिक डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर हैं जो सभी कौशल पहलों को संयुक्त रूप में एकत्रित करता हैं।

प्रमुख सम्मेलन और बैठकें

1. **14वाँ विश्व कौशल शिखर सम्मेलन:-**
   - **प्रारंभ:**- 20 सितम्बर (दिल्ली)।
   - **विषय:**- युवाओं को सशक्त बनाकर उनके भविष्य का निर्माण करना।
   - **उद्देश्य:**-देशों में उद्योग आधारित कौशल संबंधित पारिस्थितिको तंत्र को सुदृढ़ कने पर ध्यान केन्द्रित करना।
   - **आयोजनकर्त्ता:**- FICCI (Federation of Indian Chambers of Commerce and Industry)

2. **अंतर्राष्ट्रीय अधिवक्ता सम्मेलन-2023**
   - **आयोजन:**- 23- 24 सितम्बर, 2023 (नई दिल्ली)।
   - **विषय:**- 'न्याय वितरण प्रणाली में उभरती चुनौतियाँ'।
   - **आयोजनकर्त्ता:**- भारतीय अधिवक्ता परिषद्।
   - **उद्घाटन:**-प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा।

उद्देश्य:-

(i) राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय महत्व के विभिन्न कानूनी मुद्दों पर विचार हेतु मंच प्रदान करना।

(ii) कानूनी मुद्दों पर अंतर्राष्ट्रीय कानूनों से सहयोग प्राप्त कर कानूनी समझ का दृढ़ करना।

3. **बांध सुरक्षा पर अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन-2023**
   - **आयोजन:**- 14-15 सितम्बर।
   - **आयोजन स्थल:**- राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर (झालाना, जयपुर)।
   - **आयोजनकर्त्ता:**-जल संसाधन, नदी विकास एवं गंगा संरक्षण विभाग (जलशक्ति मंत्रालय, भारत सरकार)।
   - **विषय:**-सुदृढ़ एवं सुरक्षित बांध सुनिश्चित करे राष्ट्र समृद्धि।

राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर (RIC)

- **स्थापना:**- 17 अप्रैल, 2023।
- **इंडिया** इंटरनेशनल सेंटर एवं इंडिया हैबिटेट सेंटर की तर्ज पर बना।
- **उद्देश्य:**-राष्ट्रीय, अंतर्राष्ट्रीय एवं अन्य महत्त्वपूर्ण उच्च स्तरीय बैठकों का आयोजन सुदृढ़ एवं सफलतापूर्वक किया जा सके।

4. **ग्रीन हाइड्रोजन पायलट सम्मेलन:-2023**
   - **आयोजन:**- 5 सितम्बर
   - **आयोजन स्थल:**- नई दिल्ली
   - **आयोजनकर्त्ता**- NTPC Ltd.
   - जी-20 शिखर सम्मेलन की श्रृंखला के रूप में आयोजित हुआ।

NTPC (नेशनल थर्मल पावर कॉरपोरेशन)

- **भारत** की सबसे बड़ी विद्युत उत्पादक कंपनी है।
- 7 **नवम्बर** 1975 को स्थापित हुई।
- 1997 में नवरत्न का दर्जा प्राप्त हुआ।

5. **अंतर्राष्ट्रीय एयरोस्पेस सम्मेलन 2023:-**
   - **आयोजन**- 1- 2 सितम्बर, 2023
   - **आयोजन स्थल**- ग्वालियर **(M.P.)**
   - **आयोजनकर्त्ता**-भारतीय उद्योग परिसंघ एवं नागर विमानन मंत्रालय (भारत सरकार) संयुक्त रूप से।
   - **विषय**-समावेशी वैश्विक मूल्य श्रृंखला की ओर बढ़ते कदम।

विविध:-

- भारतीय वायुसेना ने सितंबर 2023 में पहला (छह में से) डोर्नियर-228 (हिन्दुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड द्वारा निर्मित) शामिल कर लिया गया।
- नागालैण्ड और अरुणाचल प्रदेश में केन्द्र सरकार ने 'शस्त्र बल विशेषाधिकार अधिनियम' (AFSPA-Armed Forces Special Powers Act) को 1 अक्टूबर, 2023 से छह माह के लिए बढ़ा दिया है।
- उत्तर प्रदेश ने स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के दूसरे चरण के तहत 100% ओडीएफ + (ODF-Open Defecation Free Plus) का दर्जा प्राप्त कर लिया है।
- भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण ने पुलो और अन्य संरचनाओं के डिजाइन तथा निर्माण को मजबूत करने के लिए 20 सितंबर, 2023 को दिल्ली मेट्रो रेल निगम के साथ समझौता किया।
- केन्द्रीय मंत्री जितेन्द्र सिंह ने ऊधमपुर से 'श्री माता वैष्णो देवी नारायण हेल्थकेयर (एमएमवीडी) टीबी मुक्त एक्सप्रेस' को 17 सिंतबर, 2023 को हरी झंडी दिखाई।
- केन्द्र सरकार ने 2025 तक भारत को 'टीबी मुक्त' बनाने का लक्ष्य रखा है।
- भारतीय नौसेना ने भारतीय विज्ञान संस्थान (IISC Bengaluru), बेगलुरु के साथ तकनीकी सहयोग और संयुक्त
  अनुसंधान एवं विकास के लिए समझौता ज्ञापन पर 22 सितंबर, 2023 को हस्ताक्षर किया।
- सामाजिक न्याय और अधिकारिता विभाग ने नशा मुक्त भारत अभियान के तहत अखिल विश्व गायत्री परिवार के साथ 22 सितंबर, 2023 को समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए।
- गुजरात विधानसभा में 13 सितंबर, 2023 को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने 'राष्ट्रीय ई-विधान एप्लिकेशन' (National e- Vidhan Application NEVA) का उद्घाटन किया गया।
- उज्जवला योजना के तहत केन्द्र सरकार ने 75 लाख महिलाओं को मुफ्त गैस कनेक्शन देने का निर्णय लिया।
- 'स्किल इंडिया मिशन' को बढ़ावा देने के लिए लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने 17 सितंबर, 2023 को स्किल ऑन व्हील्स बसों को हरी झंडी दिखाई।
- विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (UGC-University Grants Commission) के द्वारा संचालित मानव संसाधन विकास केन्द्र को अब मदन मोहन मालवीय शिक्षक प्रशिक्षण केन्द्र के रूप में जाना जाएगा।
- इंडियन ऑयल कार्पोरेशन (IOCL) द्वारा संचालित देश की पहली हाइड्रोजन चलित बस को 25 सितंबर 2023 को केन्द्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने नई दिल्ली में हरी झंडी दिखाई।
- जम्मू-कश्मीर के उधमपुर रेलवे स्टेशन का नाम बदलकर 'शहीद कैप्टन तुषार महाजन' रेलवे स्टेशन कर दिया गया है।
- भारतीय वायुसेना (IAF) एवं ड्रोन फैडरेशन ऑफ इंडिया (DFI) द्वारा 'भारतीय ड्रोन शक्ति प्रदर्शन-2023' का आयोजन हिंडन वायुसेना स्टेशन (गाजियाबाद, UP) में किया गया।
- मलयालम फिल्म '2018' को 96वें अकादमी पुरस्कार-2024 के लिए नामित किया तथा बेस्ट इंटरनेशनल फीचर फिल्म कैटेगरी में ऑस्कर अवार्ड में नामांकन हेतु भेजा गया है। यह फिल्म 2018 में आयी 'बाढ़' से हुई तबाही पर आधारित है।
- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा 23 सितम्बर, 2023 को 'वाराणसी' में 'अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम' का शिलान्यास किया गया।
- 'प्रथम अंतर्राष्ट्रीय व्यापार प्रदर्शिनी' का उद्घाटन राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू द्वारा ग्रेटर नोएडा (उत्तरप्रदेश) में किया गया।
- नुआखाई उत्सव का आयोजन 'ओडिशा' में किया गया। यह उड़ीसा का पारंपरिक त्यौहार हैं।
- भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण (FSSAI) द्वारा 'मिथुन' नामक खाद्य पशु को अर्द्ध पालतु गौ जातीय पशु के रूप में मान्यता प्रदान की।

3. आर्थिक परिदृश्य

1. अफीम पोस्त की लाइसेंसिंग नीति

- 14 सितंबर, 2023 को केन्द्र सरकार ने मध्य प्रदेश, राजस्थान और उत्तरप्रदेश के किसानों के लिए 2023-24 के लिए अफीम पोस्त की खेती संबंधित वार्षिक लाइसेसिंग नीति की घोषणा की।
- अफीम पोस्त के औषधो11य रूपी (फार्मास्युटीकल) इस्तेमाल की बढ़ती माँग के चलते हुए यह कदम उठाया गया है।

2. शक्तिकांत दास को शीर्ष केन्द्रीय बैंकर का दर्जा

- भारतीय रिजर्व बैंक (RBI- Reserve Bank of India) के गवर्नर शक्तिकांत दास को अमेरिकी पत्रिका 'ग्लोबल फाइनेंस' (Global Finance) द्वारा शीर्ष केन्द्रीय बैंकर का दर्जा दिया गया है और उन्हें ए प्लस रेटिंग दी गई।
- इनके बाद स्विटज्रलैण्ड के यामस जो जॉर्डन (Thomas J Jordan) और वियतनाम के गुयेन शी होंग (छहनलमद thi hong) को इस सूची में स्थान दिया गया है।

3. कृषि ऋण ओर फसल बीमा पर केन्द्रित पहलों का अनावरण

- 19 सितंबर, 2023 को केन्द्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण और केन्द्रीय कृषि मंत्री नरेन्द्र सिंह तोमर ने कृषि ऋण और फसल बीमा पर आधारित कुछ पहलों का शुभारंभ किया।
- किसान केडिट कार्ड (KCC-Kisan Credit Card) घर-घर अभियान
- किसान ऋण पोर्टल (KRN-Kisan Rin Portal)
- मौसम सूचना नेटवर्क डेटा सिस्टम (WINDS-Weather Information Network Data System) का मैनुअल

4. काकरापार परमाणु ऊर्जा सयंत्र-देश का पहला स्वदेशी परमाणु सयंत्र शुरू

- 31 अगस्त, 2023 से गुजरात में देश के सबसे बड़े स्वदेशी (700 मेगावाट) परमाणु संयंत्र (काकरापार) की यूनिट-3 ने पूरी क्षमता पर परिचालन शुरू किया। (अब तक यह अपनी 90% क्षमता पर कार्य करता था)

5. 20वीं 'भारत-यूके' आर्थिक एवं वित्तीय वार्ता

- भारत-यूके इंफ्रास्ट्रक्चर फाइनेंस ब्रिज पहल की घोषणा दिनांक 11 सितंबर, 2023 को 12वीं 'भारत-यूके' आर्थिक एवं विकास वार्ता में की गई।
- यह इस नीति आयोग एवं सिटी ऑफ लंदन के सहयोग से सह-नेतृत्व में एक उद्यम होगा।
- इसका प्रमुख उद्देश्य बुनियादी ढाँचा परियोजनाओं की योजना बनाने और लागू करना।

4. राजस्थान परिदृश्य

धौलपुर कम्बाइंड गैस विद्युत परियोजना:-

चर्चा में क्यों?

- 21 सितम्बर, 2023 को धौलपुर कम्बाइंड गैस विद्युत परियोजना की द्वितीय इकाई को प्रारंभ किया गया है।

परियोजना के तथ्य:-

- यह परियोजना 'राजस्थान राज्य विद्युत उत्पादन निगम' द्वारा धौलपुर जिले में स्थापित की गई।
- यहाँ 110 मेगावाट की 3 इकाई स्थापित होनी हैं।
- इसकी क्षमता 7.92 मिलियन यूनिट प्रति दिन है।
- यहाँ 1 मार्च, 2018 से उत्पादन प्रारंभ हुआ था।

राजस्थान राज्य विद्युत उत्पादन निगम:-

- इसका गठन राजस्थान सरकार कंपनी अधिनियम-1956 के तहत 19 जुलाई, 2000 को किया गया था।

2. राजस्थान ग्रीन हाईड्रोजन नीति 2023

- 16 सितम्बर, 2023 को मंत्रिमण्डल द्वारा मंजूरी।
- ग्रीन हाइड्रोजन सेक्टर 'राजस्थान निवेश प्रोत्साहन नीति-2022' के तहत थ्रस्ट सेक्टर में शामिल।

लक्ष्य:-

(i) 2030 तक 2000 KTPA (Kilo Tonnes per Annum) ऊर्जा उत्पादन का लक्ष्य।
(ii) इसमें अक्षय ऊर्जा एवं हाइड्रोजन उत्पादन-700 KTPA

- 24 घंटे उत्पादन RTC पॉवर द्वारा-800 KTPA
- RVPN द्वारा उत्पादन - 500 KTPA

अन्य प्रावधान:-

(i) विद्युत संयंत्रों के लिए व्हीलिंग एवं ट्रांसमिशन शुल्क में 100% छूट/प्रतिपूर्ति
(ii) खारे पानी से ग्रीन हाइड्रोजन उत्पादन हेतु अनुसंधान केन्द्र स्थापना पर 30% या अधिकतम 5 करोड़ अनुदान देय।

- **ग्रीन हाइड्रोजन:**-यह अक्षय ऊर्जा का एक रूप है जिसे जल के इलेक्ट्रोलाईसिस द्वारा प्राप्त किया जाता हैं।
- राष्ट्रीय ग्रीन हाइड्रोजन नीति-2022 के तहत वर्ष 2030 तक 50 लाख टन ग्रीन हाइड्रोजन उत्पादन लक्षित हैं।

ग्रीन हाइड्रोजन के उपयोग:-

(i) 'ग्रीन हाउस प्रभाव' को कम करने हेतु उपयुक्त वैकल्पिक ईंधन में उपयोगी।
(ii) जीवाश्म ईंधन से संचालित वाहनों के लिए बेहतर वैकल्पिक हाइड्रोजन वाहन हैं।
(iii) ग्रिड ऊर्जा भण्डारण सहज एवं कम खर्चीला।

राजस्थान बायोमास एवं वेस्ट टू एनर्जी नीति- 2023

- जारी-20 सितम्बर, 2023
- **उद्देश्य:**-बायोमास एवं वेस्ट से ऊर्जा उत्पादन में वृद्धि करने तथा थर्मल पावर प्लांट में बायोमास की को-फायरिंग को बढ़ावा देने हेतु यह नीति जारी की गई।

लाभ:-

(i) बायोमास एवं वेस्ट से विद्युत उतपादन को प्रोत्साहन मिलेगा।
(ii) बायोमास एवं ठोस कचरे का उचित प्रबंधन से सकेगा।

अन्य तथ्य:-

(i) राजस्थान में प्रथम जैव ईंधन नीति-2010 में आयी।
(ii) राजस्थान में बायोमास की स्थापित क्षमता 120.45 मेगावाट हैं।
(iii) बायोमास के 13 संयंत्र स्थापित है।

इंदिरा रसोई योजना (ग्रामीण)

- **शुरूआत**-10 सितम्बर, 2023 [झिलाय (निवाई, टोंक)]
- **लक्ष्य**-पूरे प्रदेश में 1000 ग्रामीण रसोई स्थापित की जाएगी।

अन्य तथ्य-

(i) वर्तमान में 400 ग्रामीण इंदिरा रसोईयों का शुभारंभ किया गया हैं।
(ii) यह योजना 5000 से अधिक आबादी वाले ग्रामीण कस्बों में प्रारंभ।

उद्देश्य:-

- सतत् विकास गोल-2 [भुखमरी का अंत] को प्राप्त करने के उपलक्ष्य में तथा ग्रामीण जनसंख्या में पोषण स्तर में वृद्धि कर कुपोषण को कम करना है।

मुख्यमंत्री कामधेनु पशु बीमा योजना-

- **प्रारंभ**-6 सितम्बर, 2023 (भीलवाड़ा से)
- **उद्देश्य**-पशुपालकों के दुधारू पशुओं (गाय/भैंस आदि) के अकाल मृत्यु पर पशुपालक को आर्थिक संबल प्रदान करना और वित्तीय संकट में सहायता प्रदान करना।
- **लाभ**-पशुपालक के प्रति परिवार 2-2 दुधारू गौ/भैंस वंश के पशुओं का अधिकतम 40 हजार तक का नि:शुल्क बीमा।
- **नोडल विभाग:**- पशुपालन विभाग, राजस्थान सरकार

639वाँ बाबा रामदेव मेला:-

- **आयोजन तिथि**-भाद्रपद शुक्ल द्वितीया से भाद्रपद शुक्ल एकादशी
- **आयोजन स्थल**-रामदेवरा (जैसलमेर)
- **संज्ञा**-पश्चिमी राजस्थान का महाकुंभ

बाबा रामदेव:-

- **जन्म**-भाद्रपद शुक्ल द्वितीय विक्रम संवत् 1409 (रणिया, जैसलमेर)
- पश्चिमी राजस्थान एवं सम्पूर्ण राजस्थान के प्रसिद्ध लोकदेवता एवं पंचपीरों में शामिल।
- **अन्य नाम**-रामसापीर, पीरो के पीर
- हिंदु-मुस्लिम दोनों में लोकप्रिय
- समाधि-भाद्रपद शुक्ल एकादशी विक्रम संवत् 1442 को रामदेवरा (जैसलमेर) में देह त्याग।

खेलो इंडिया वुमन लीग:-

- **आयोजनकर्त्ता:**-राजस्थान एथलेटिक्स संघ
- **आयोजनस्थल**-सवाई मानसिंह स्टेडियम (जयपुर)
- **खेल:**-100 मीटर दौड-Ist डोना (जयपुर)
  2nd सुमन कुमारी (चुरु)
  3rd आयशा खान (कोटा)

200 मीटर दौड:- Ist डोना धाकड़
2nd अर्चना शर्मा
3rd हिमांशी राजावत

डोलमेला:-

- **आयोजन स्थल**-हाडौती (बाराँ)।
- **आयोजन तिथि:**-भाद्रपद शुक्ल एकादशी (जलझूलनी एकादशी)।
- **अन्य नाम:**-'श्री जी का मेला'।
- राधा-कृष्ण की दिव्य जोड़ी को समर्पित मेला हैं।

चुनाव आयोग द्वारा 'होम वोटिंग' सुविधा:-

- **सुविधा के लाभार्थी**-
  (i) वरिष्ठ नागरिक (आयु 80 +)
  (ii) विशेष योगयजन (दिव्यांगता 40% +)
- 12 D फार्म द्वारा होम वोटिंग के विकल्प का चयन।
- मतदान दल द्वारा पोस्टल बैलेट द्वारा मतदान करवाया जायेगा।

भारतीय चुनाव आयोग

- संवैधानिक निकाय अनुच्छेद 340 के अंतर्गत
- 1950 में गठन
- मुख्य चुनाव आयुक्त - श्री राजीव कुमार (IAS)

राज्य में मिले 'लाईम स्टोन' के भण्डार:-

- खींवसर (नागौर) से 163.77 मिलियन टन के नए जमाव प्राप्त हुए।
- खींवसर तहसील के हरिपुरा, जोरावरपुरा, खोड़वा आदि में 51 ब्लॉक बनाए गए हैं।
- इससे पूर्व नागौर और देह तहसील में भी 335 लाख मिलियन टन लाईम स्टोन भण्डार मिल चुके हैं।
- **लाईम स्टोन:**-यह एक अवसादी चट्टान हैं जो कैल्शियम कार्बोनेट ($CaCo_3$) के भिन्न-भिन्न क्रिस्टलीय रूपों यथा-कैल्साईट आदि से बनी होती है।

उपयोग-

(i) सीमेंट उद्योग में।
(ii) कपड़ा उद्योग में।
(iii) चीनी, कागज एवं चमड़ा उद्योग में।
(iv) जल उपचार (शुद्धिकरण) में।

चूना के प्रकार

- स्टील ग्रेड
- केमिकल ग्रेड
- सीमेंट ग्रेड

6वाँ वित्त आयोग:-

- **स्थापना**- 12 अप्रैल, 2021
- **संवैधानिक प्रावधान**-अनुच्छेद 243 (I & Y)
- **संरचना**-अध्यक्ष - प्रद्युम्न सिंह
  सदस्य- (i) अशोक लाहोटी
  (ii) लक्ष्मण सिंह रावत
- **पहला राज्य वित्त आयोग:**- श्री कृष्ण कुमार गोयल की अध्यक्षता में स्थापित।
- **पांचवा राज्य वित्त आयोग:**-डॉ. ज्योति किरण की अध्यक्षता में स्थापित।

विमुक्ति जनजातीय मुक्ति दिवस:-

- **प्रारम्भकर्त्ता:**-राजस्थान सरकार
- **आयोजन तिथि:**-31 अगस्त
- 72वें राजस्तरीय मुक्ति दिवस समारोह में घोषणा हुई।
- **कारण**-ब्रिटिश कालीन 'आपराधिक जनजातीय अधिनियम-1871' के 31 अगस्त, 1952 को समाप्त होने के उपलक्ष्य में 31 अगस्त को दिवस की घोषणा।

13. राजस्थान स्टेट फैकल्टी डवलपमेंट एकेडमी (RSFDA):

- **स्थापना**-सितम्बर, 2023 (जयपुर)
- **उद्देश्य**-उच्च शिक्षा के शैक्षणिक स्तर में सुधार एवं गुणवत्तापूर्ण प्रशिक्षण द्वारा शिक्षकों के स्तर में सुधार।
- इसके द्वारा राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर के प्रतिष्ठित प्रशिक्षण संस्थाओं से MOU करा जायेगा।

14. राजस्थान के पैनोरमा

(I) राजा बूंदा मीणा का पैनोरमा:-

- **स्थल**-ग्राम बंदी (बूंदी)
- बूंदा मीणा को बूंदी की स्थापनाकर्त्ता के रूप में जाना जाता है।

(II) महर्षि नवल का पैनोरमा:-

- **स्थल**-केरु ग्राम (जोधपुर)
- **महर्षि नवल**-ये दलितों के उत्थान एवं निचली जाति के पीड़ित व्यक्तियों में एकता की अलख जगाने के लिए याद किये जाते हैं।

(III) अन्य प्रमुख पैनोरमा

i. देवराज जी पैनोरमा - शेरगढ़ (जोधपुर)
ii. संत ईश्वर दास जी पैनोरमा - जालीपा(बाड़मेर)
iii. वीरमदेव कान्हड पैनोरमा - जालौर
iv. बीकाजी सोलंकी पैनोरमा - देसूरी (पाली)
v. कैला देवी पैनोरमा - करौली
vi. राजा हेमू का पैनोरमा - माचाड़ी(अलवर)
vii. सत्यव्रत राव चूंडा पैनोरमा - बस्सी(चित्तौड़गढ)

iStart इनोवेशन स्कूल हब:-

- **स्थापना**- बीकानेर
- **निर्माणकर्त्ता**-सूचना प्रौद्योगिकी एवं संचार विभाग (राजस्थान)
- **इसका** निर्माण 'फिनटेक डिजीटल यूनिवर्सिटी (जोधपुर)' की तर्ज पर किया जायेगा।

राज्य सरकार पटेल बोर्ड:-

- **गठन**-सितम्बर, 2023
- **गठनकर्त्ता**-राजस्थान सरकार
- **बोर्ड संरचना**- 1. अध्यक्ष - 1
  2. उपाध्यक्ष-1
  3. सदस्य -5

'गुड टच बैड टच' अभियान 'वर्ल्ड बुक ऑफ रिकॉर्डस' में दर्ज

- राज्य सरकार की 'असुरक्षित स्पर्श' पर जागरूकता कार्यक्रम में 58 लाख से अधिक विद्यार्थियों के साथ शामिल होने पर इसे 'वर्ल्ड बुक ऑफ रिकॉर्डस' में शामिल किया गया।
- सरकार द्वारा 26 अगस्त को 65122 सरकारी विद्यालयों में 'नो बैग डे' पर यह जागरूकता कार्यक्रम किया गया।
- यह कार्यक्रम 'स्कूल शिक्षा विभाग' द्वारा संचालित हैं।
- राज्यमंत्री जाहिदा खान द्वारा रिकॉर्ड का सर्टिफिकेट प्राप्त किया गया।

विविध-

(i) राजस्थान की 'प्रथम खनन यूनिवर्सिटी' सिसवाली (बारां) में स्थापित की जाएगी।
(ii) धीरेन्द्र चौधरी (भरतपुर) को 'राजस्थान बॉक्सिंग संघ' का अध्यक्ष चुना गया।
(iii) देश का 37वाँ और राजस्थान का दूसरा 'पासपोर्ट कार्यालय' कोटा में स्थापित किया गया।
(iv) उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ द्वारा गुढ़ामलाणी

(बाड़मेर) में भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (ICAR) के 'क्षेत्रीय बाजरा अनुसंधान केन्द्र' का शिलान्यास किया गया।

(v) गुरुनानक देव सिक्ख कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष पद पर परमजीत सिंह रंधावा और उपाध्यक्ष पद हरपाल सिंह राणा ने पदभार ग्रहण किया।

(vi) जोबनेर (जयपुर) में राज्य का द्वितीय 'पशु चिकित्सा एवं पशु विज्ञान विश्वविद्यालय' स्थापित किया गया।

(vii) MBM यूनिवर्सिटी जोधपुर में 'सेंटर ऑफ एक्सीलेंस फॉर नॉन कन्वेंशनल एनर्जी' खोला गया।

(viii) केन्द्रीय जलशक्ति मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत द्वारा अखिल भारतीय स्वच्छता पखवाडा–'स्वच्छता ही सेवा' अभियान की शुरूआत जयपुर (राजस्थान) से की गई।

(ix) राज्य स्तरीय 'राजीव गांधी ग्रामीण एवं शहरी ओलंपिक' खलों का आयोजन 'जोधपुर' में किया गया।

(x) राजस्थान सरकार द्वारा चाकसू (जयपुर) में 'सेंटर ऑफ एक्सीलेंस इन पंचकर्म' की स्थापना की गई।

(xi) हनुमानमल ढ़ाका को राजफैड (RAJFED) का प्रबंधक निदेशक (MD) बनाया गया।

(xii) डॉ. इकराम राजस्थानी को 'राजस्थान वक्फ विकास परिषद' का उपाध्यक्ष मनोनित किया गया।

(xiii) कोटा में ग्रीनफील्ड एयरपोर्ट विकसित करने की घोषणा हुई।

(xiv) मुख्यमंत्री द्वारा 'मारवाड़ इंटरनेशनल सेंटर' का लोकार्पण जोधपुर में किया गया।

(xv) मुख्यमंत्री द्वारा 'सुरपुरा एम्यूजमेंट पार्क' का लोकार्पण जोधपुर में किया गया।

5. रक्षा, विज्ञान एवं तकनीकी

अन्तरिक्ष प्रौद्योगिकी

भारत का पहला सौर मिशन 'आदित्य-एल 1' का सफलतापूर्वक लॉन्च

- लॉन्च तिथि-2, अगस्त, 2023
- **स्थल**-सतीश धवन स्पेस सेन्टर, श्री हरिकोटा, आन्ध्र प्रदेश
- **रॉकेट**-पीएसएलवी-एक्सएल/सी-57 (PSLV-XL/C-57)
- 'आदित्य एल-1' का मुख्य उद्देश्य वातावरण में सूर्य की सतह पर कोरोनल मास इंजेक्शन (ME-Coronal Mass Ejection), सूर्य के धधकने संबंधित गतिविधियां, सूर्य के परिमंडल की गर्मी, सौर वातावरण में गतिशीलता और पृथ्वी के करीब अंतरिक्ष में मौसम संबंधित समस्याओं को समझना है।
- पेलोड (payload)- 'आदित्य-एल1' अपने साथ सात पेलोड लेकर गया है जिनमें से चार सूर्य के प्रकाश का निरीक्षण करेंगे। सात पेलोड निम्नवत हैं-
  - **वीईएलसी:** Visible Emission Line Coronagraph (VELC)
  - **स्यूट:** Solar Ultraviolet Imaging Telescope (SUIT)
  - **सोलेक्स:** Solar Low Energy X-ray Spectrometer (SoLEXS)
  - **हेलिओस:** Hight Energy L1 Orbiting X-ray Spectrometer (HELIOS)
  - **एसपेक्स:** Aditya Solar wind Particle Experiment (ASPEX)
  - **पापा:** Plasma Analyser Package For Aditya (PAPA) और उन्नत-त्रि-अक्षीय उच्च रिजॉल्यूशन डिजिटल मैग्नेटोमीटर (Advanced Tri-axial High Resolution Digital Magnetometers)

ISRO (भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन)

- **गठन:** 15 अगस्त, 1969 विक्रम साराभाई द्वारा।
- **मुख्यालय:** बेंगलुरु भारत
- भारत की राष्ट्रीय अंतरिक्ष एजेंसी।
- **चेयरमैन:** एस.पी. सोमनाथ

मून स्नाइपर मिशन लॉन्च

- जापान की अंतरिक्ष एजेंसी जाक्सा (JAXA-Japan Aerospace Exploration Agency) ने अपना चन्द्र मिशन 'Moon Sniper' लॉन्च किया।
- दिनांक-7, सितंबर, 2023
- रॉकेट- H-IIA
- **लैंडर**-'स्लिम' (SLIM- Smart Lander for Investigating Moon)
- **पेलोड**-एक्स रे इमेजिंग एण्ड स्पेक्ट्रोस्कोपी मिशन (X-Ray Imaging and spectroscopy Mission-XRISM)

अंतरिक्ष प्रवास का अमेरिकन रिकॉर्ड

- अमेरिकी अंतरिक्ष यात्री-फ्रैंक रूबियो/फ्रांसिस्को रूबियो
- अंतरिक्ष में प्रवास-371 दिन (एक बार में)
- एजेंसी-नासा
- मिशन की शुरूआत 12 सितम्बर, 2022 को हुई। उस प्रवास के दौरान इन्होंने पृथ्वी की लगभग 5,436 परिक्रमाएं की।
- अंतरिक्ष में सबसे ज्यादा दिन-बिताने का रिकॉर्ड रूसी एस्ट्रॉनॉट वलेरी पॉलियाकॉव (Valery Polyakov) के नाम है। जिनहोंने कुल 437 दिन अंतरिक्ष में बिताएं है।
- रूबियो का प्रारम्भिक मिशन सिर्फ 180 दिन का था परन्तु उनके यान में खराबी के चलते उनका वापिस लौटना स्थगित होता रहा। अंततः वह सोयूज MS-23 (Soyuz MS-23) स्पेस्क्राफ्ट से 27 सितम्बर, 2023 को वापिस लौट पाये।
- **NASA:** राष्ट्रीय वैमानिकी और अंतरिक्ष प्रबंधन (अमेरिका की राष्ट्रीय अंतरिक्ष एजेंसी)
  गठन: 29 जुलाई, 1958 संयुक्त राज्य अमेरिका (ड्वाइट डो. आइजनहावर द्वारा)

रक्षा प्रौद्योगिकी

हीरो किम कुन ओके

- उत्तर कोरिया ने हाल ही में 6, सितंबर, 2023 को 'हीरो किम कुन ओके' (Hero Kim Kun Ok) नामक 'सामरिक परमाणु हमला पनडुब्बी लॉन्च की है।'

महेन्द्रगिरी

- मझगाँव डॉक शिपबिल्डर्स लिमिटेड (Mazaon Docks Ship builder limited ने प्रोजेक्ट 17 ए (Project 17A) के सातवें स्टील्थ फ्रीगेट (Stealth Frigate) महेन्द्रगिरी को 1 सितंबर, 2023 को लॉन्च किया।

सी-295 विमान

- यूरोपीय कम्पनी एयरबस डिफेंस एण्ड स्पेस से भारतीय वायु सेना को उनका पहला सी-295 (C-295, Millitary Transport Aircraft) एयरफ्राफ्ट मिल चुका है।
- शेष 40 सी-295 विमानों का निर्माण प्रमुख यूरोपीय विमानन कंपनी एयरबस और टाटा के बीच साझेदारी में भारत में किया जाएगा।

सिम्बेक्स (SIMBEX)-2023:-

- **भारत:**-सिंगापुर के मध्य द्विपक्षीय नौसेना युद्धाभ्यास हैं।
- **आयोजन स्थल:-**
  1. **प्रथम चरण:**-सिंगापुर-चांगी नेवल बेस (21-24 सितम्बर)
  2. **द्वितीय चरण:**-दक्षिणी चीन के दक्षिण में (25-28 सितम्बर)
- **तथ्य:**-1994 से आयोजित किया जा रहा है।
- भारत की ओर से राजपूत क्लास डिस्ट्रायर INS रणविजय, INS कवरत्ती (कमोर्टा-क्लास कार्वेट) शामिल हुए।
- सिंगापुर की ओर से RSS स्टालवर्ट और RSS टेनशियस शामिल हुए।

भारत-इंडोनेशिया, ऑस्ट्रेलिया प्रथम त्रिपक्षीय युद्धाभ्यास:-

- **आयोजन:**-20-21 सितम्बर
- **उद्देश्य:**-भारत, इंडोनेशिया और ऑस्ट्रेलिया के मध्य सुरक्षित एवं मजबूत रक्षा संबंध स्थापित करना।
- भारत की तरफ से INS सह्याद्री ने भाग लिया।

INS सह्याद्री:-

- यह स्वदेशी भारतीय नौसेना युद्धपोत है।
- यह प्रोजेक्ट-17 शृंखला का मल्टीरोल स्टील्थ फ्रिगेट्स श्रेणी का तीसरा युद्धपोत हैं।
- इसका निर्माण मझगांव लिमिटेड (मुम्बई) द्वारा किया गया।

ऑपरेशन 'सजग':-

- **आयोजन:**- 18 सितम्बर, 2023
- **आयोजनकर्त्ता:**- भारतीय तटीय सुरक्षा बल
- **उद्देश्य:**-तटीय सुरक्षा को बढ़ावा देने वाले समस्त हितधारकों को शामिल करते हुए तटीय सुरक्षा तंत्र का पुनर्मूल्यांकन करना एवं मछुआरों को जागरूक करना।

तथ्य:-

(i) मछुआरों को बायोमैट्रिक कार्ड जारी किये गये।
(ii) राज्यवार मछुआरों की नावों का कलर कोड निश्चित किया गया।
(iii) 118 जहाजों (गश्ती जहाजों) द्वारा नौकाओं और जहाजों एवं उनके चालक दलों के आवश्यक दस्तावेजों की जांच की गई।

21वाँ वरुण युद्धाभ्यास:-

- **प्रारंभ:**- प्रथम चरण - 16-20 जनवरी, 2023
  दूसरा चरण - सितम्बर, 2023
- भारत एवं फ्रांस के मध्य तीन दिवसीय द्विपक्षीय युद्धाभ्यास हैं।
- इस अभ्यास में संयुक्त संचालन, पुनर्गठन और विभिन्न सामरिक युद्धाभ्यास सम्मिलित थे।
- यह अरब सागर में आयोजित हुआ।
- 20वाँ संस्करण 30 मार्च से 3 अप्रैल, 2022 को अरब सागर में आयोजित हुआ।
- यह युद्धाभ्यास 1993 में प्रारंभ हुआ था।
- 2001 में 'वरुण' नाम से प्रारंभ हुआ।

19वाँ एक्सरसाइज युद्धाभ्यास:-

- **आयोजन:**-25 सितम्बर-8 अक्टूबर, 2023
- **आयोजन स्थल**-फोर्ट वेनराइट (अलास्का, अमेरिका)
- भारत और अमेरिका के मध्य वार्षिक सैन्य युद्धाभ्यास हैं।
- भारत की ओर से मराठा लाईट इन्फेंट्री रेजीमेंट तथा अमेरिका की ओर से Ist ब्रिगेड कॉम्बैट टीम की 1-24 इंफेंट्री बटालियन ने भाग लिया।
- इसका संस्करण नवम्बर 2022 में ओली (उत्तराखण्ड) में आयोजित किया गया।

भारत में वैनेडियम धातु की खोज:-

- भारतीय भू-वैज्ञानिक सर्वेक्षण (GSI) द्वारा खोजा गया।
- **खोज स्थल**-खंभात की खाड़ी (गुजरात)

तथ्य:-

(i) वैनेड़ियम मुख्य रूप में उन 55 खनिजों में शामिल हैं जिसे शुद्ध रूप में निकालना लगभग चुनौतीपूर्ण एवं खर्चीला होता हैं।

(ii) GSI द्वारा इसकी पहचान टिटानो मैग्नेटाईट के भीतर की गई।

(iii) ब्राजील इसका सबसे बड़ा निर्यातक देश हैं तथा चीन का भण्डारण में प्रथम स्थान हैं।

उपयोग:-

(i) स्टील मिश्र धातु उत्पादन में,

(ii) ऊर्जा भण्डारण में,

(iii) इलेक्ट्रॉनिक्स उपकरणों के कलपुर्जे बनाने में,

(iv) बैटरी निर्माण में,

(v) रक्षा एवं एयरोस्पेस में

टिटानो मैग्नेटाईट:-

- यह एक प्रकार का खनिज हैं जो गर्म लावा के तेजी से ठंड़ा होने के कारण बनता हैं।

भारतीय भू-वैज्ञानिक सर्वेक्षण (GSI)

- **स्थापना:**-1851
- **कार्य:**-विभिन्न वैज्ञानिक तथ्यों एवं सूचनाओं की खोज, जांच एवं सत्यापन करना।

6. इंडेक्स एवं रिपोर्टस्

ग्लोबल इनोवेशन इंडेक्स में भारत का 40वाँ स्थान

- विश्व बौद्धिक संपदा संगठन (World Intellectual Property Organisation WIPO) द्वारा प्रकाशित ग्लोबल इनोवेशन इंडेक्स (GII-Global Innovation Index) में भारत ने 132 अर्थव्यवस्थाओं में 40वीं रैंक हासिल की है।
- वर्ष 2015 में भारत ने 81वीं रैंक हासिल की थी ओर तब से निरंतर सुधार कर रहा है।
- **GII:-** यह WIPO द्वारा प्रकाशित सूचकांक है जो 132 अर्थव्यवस्थाओं में नवीनतम वैश्विक नवाचार के रूझानों को और नवाचार पारिस्थितिकी तंत्र के प्रदर्शन को ट्रेक करता है।

GII 2023 में शीर्ष 5 देश

1. स्विट्जरलैण्ड
2. स्वीडन
3. संयुक्त राज्य अमेरिका
4. यूनाइटेड किंगडम
5. सिंगापुर

देश में एलीफेंट कॉरिडोर की संख्या 150 हुई

- 'भारत के हाथी गलियारे' (Elephant corridors of India) शीर्षक वाली रिपोर्ट के केन्द्रीय पर्यावरण मंत्रालय द्वारा तहत देश में कम से कम 150 हाथी गलियारे है जो 15 रेंज-राज्यों में फैले हुए है।

स्टेट ऑफ द राइनो रिपोर्ट, 2023

- 'राइनो स्थिति रिपोर्ट-2023' अमेरिका स्थित इंटरनेशनल राइनो फाउंडेशन (Internation Rhino Foundation) द्वारा 20 सितंबर को जारी की गई।
- 'विश्व गैंडा दिवस' प्रतिवर्ष 22 सितंबर को गैंडो की 5 प्रजातिओं और उनके संरक्षण हेतु समर्पित ह।
- इस रिपोर्ट के तहत भारत के पर्यावरण और वन्यजीव प्रेमियों के लिए खुशखबरी है की भारत में एक सींग वाले गैंडो की संख्या बढ़ रही है।
- भारत में एक सींग वाले गैंडे मुख्य रूप से भारत-नेपाल तराई के मैदान, पं. बंगाल के उत्तरी भाग और असम में पाए जाते है।

7. चर्चित स्थल

- 'विश्वनाथ घाट' (सोनितपुर, असम) को पर्यटन मंत्रालय द्वारा 'भारत के सर्वश्रेष्ठ पर्यटन गाँव-2023' के रूप में चयनित किया गया। अन्य नाम-गुप्त काशी।
- सांची नगर को मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने देश की पहली 'सोलर सिटी' का लोकार्पण 6 सितंबर, 2023 को किया।
- आई.आई. टी कानुपर और नवीनीकरणीय विभाग के मध्य सांची को नेट जीरो सिटी बनाने के करारनामे पर हस्ताक्षर किया गया।
- रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने 12 सितंबर, 2023 को सीमा सडक संगठन (BRO- Border Road Organization) द्वारा न्यौमा क्षेत्र, लद्दाख में बनाए जा रहे विश्व के सबसे ऊँचे हवाई अड्डे (14,000 फीट) की आधारशिला रखी।
- रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह द्वारा जम्मू-कश्मीर के बिश्नाह-कौलपुर-फुलपुर रोड़ पर देवक पुल (अत्याधुनिक 422.9 मी. लम्बा) का उद्घाटन 12 सितंबर, 2023 को किया गया है।
- हरियाणा के झज्जर जिले के कार्तिक ने Chat-GPT के देशी संस्करण रघुराई बोट बनाया है।

8. चर्चित व्यक्तित्व

1. **जया वर्मा**-रेलवे बोर्ड की प्रथम महिला चेयरपर्सन बनी।
2. **मनिंदर सिंह बग्गा**-राज्य सरकार द्वारा मनिंदर सिंह बग्गा को राजस्थान पंजाब भाषा अकादमी का अध्यक्ष मनोनित किया गया।
3. **दिव्याकृति सिंह:-**
   - एशियन गेम्स-2023 में स्वर्णपदक।
   - खेल-घुड़सवारी
   - जयपुर (राजस्थान) की निवासी
4. **दिव्यांश सिंह पंवार:-**
   - **एशियन गेम्स**-2023 में भारत के लिए प्रथम गोल्ड मेडल प्राप्त किया।
   - **खेल**-10 मीटर एयर राइफल टीम इवेंट
5. **राजमाता स्वरूपा देवी:-**
   - झालावाड़ राजपरिवार की राजमाता थी।
   - महाराज राणा चंद्रजीत सिंह की माता थी।
   - **इनका जन्म:** टिहरी गढ़वाल (उत्तराखण्ड) राजवंश के पूर्व नरेश कर्नल मानवेंद्र शाह के घर हुआ।
6. **घनश्याम गुर्जर:-**
   - भैसेडा (पहाड़ी, भरतपुर) से संबंधित हैं।
   - **खेल**- रेसलिंग (मूकबधिर कैटेगिरी)
   - वर्ल्ड रेसलिंग चैंपियनशिप (बिश्केक, किर्गिस्तान) में 'कांस्य पदक' प्राप्त किया।
7. **प्रियन सेन:-**
   - सीकर (राजस्थान) की निवासी
   - 'मिस अर्थ इंडिया-2023' का खिताब जीता।
   - राजस्थान से खिताब जीतने वाली प्रथम सुन्दरी है।
   - 'इंटरनेशनल ब्यूटी पीजेंट मिस अर्थ-2023' में भारत का प्रतिनिधित्व करेगी।
8. **प्रवीणा आँजना-**
   - छोटी सादड़ी (प्रतापगढ़) से संबंधित है।
   - 'मिस डिवाईन ब्यूटी-2023' के तहत 'मिस इंटरनेशनल इंड़िया-2023' का खिताब जीता।
   - जापान में 'मिस इंटरनेशनल 2023' का भारत का प्रतिनिधित्व करेगी।
9. **वीनू गुप्ता-**
   - ये वरिष्ठ IAS हैं जिन्हें RERA का चेयरपर्सन नियुक्त किया गया।
   - कार्यकाल-5 वर्ष या 65 वर्ष जो भी पहले हो।

RERA:-

- राजस्थान रियल स्टेट रेगुलेटरी अथॉरिटी
- स्थापना-6 मार्च, 2019
- कार्य-राज्य की रियल स्टेट से जुड़ी सभी शिकायत दर्ज कर उनका निवारण करना।

10. **स्वाति नायक**
    - अंतर्राष्ट्रीय चावल अनुसंधान संस्थान (IRRI), 'मनीला (फिलीपींस) की शीर्ष वैज्ञानिक हैं।'
    - IRRI में बीज प्रणाली और उत्पाद प्रबंधन की दक्षिण एशियाई प्रमुख है।
    - इस सम्मान से सम्मानित तृतीय भारतीय वैज्ञानिक हैं।

    इनसे पूर्व- (i) अदिती मुखर्जी (2012)
    (ii) डॉ. महालिंगम् गोविंदराज (2022)

9. खेल

1. 19वें एशियाई खेल-2022:-

- **आयोजन** - 23 सितम्बर- 8 अक्टूबर
- **आयोजन स्थल**- होंगझाऊ (चीन)
- **आयोजनकर्त्ता**-एशियाई ओलंपिक परिषद्
- चीन में एशियाई खलों का तीसरी बार आयोजन किया जा रहा है।
- कोविड के कारण यह खेल 1 वर्ष बाद आयोजित हो रहे हैं।
- 45 देशों के खिलाड़ियों ने भाग लिया।

भारतीय टीम के ध्वज वाहक:-

(i) हरमनप्रीत सिंह (हॉकी)
(ii) लवलीना बोरगोहेन (मुक्केबाजी)

- **शुभंकर:**-'मेमोरी ऑफ जियांगन'
  इसमें चेन्चेन, कांगकॉन्ग व लियालियन शामिल हैं।
- **प्रारंभ**- 1982 (दिल्ली)
- चार वर्षीय आयोजन।
- **आयोजनकर्त्ता**-अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक परिषद् के पर्यवेक्षण में 'एशिाई ओलंपिक परिषद' द्वारा।
- 2018 संस्करण जकार्ता (इंडोनेशिया) में सम्पन्न हुआ।

2. 16वाँ क्रिक्रेट एशिया कप

- **मेजबानी** - श्रीलंका एवं पाकिस्तान
- **आयोजन** - 30 अगस्त- 17 सितम्बर
- **विजेता** - भारत (8वीं बार)
- **उपविजेता** - श्रीलंका
- **प्लेयर ऑफ द सीरीज** - कुलदीप यादव
- **प्लेयर ऑफ द मैच (फाईनल)**- मोहम्मद सिराज

3. अमेरिकी टेनिस ओपन-2023

- **आयोजन** - 28 अगस्त - 10 सितम्बर
- **आयोजन स्थल** - न्यूयॉर्क (अमेरिका)
- **पुरुष एकल - विजेता** - नोवाक जोकोविच (सर्बिया)
  उपविजेता - डेनियल मेदवेदेव (रूस)
- **महिला एकल:-**
  विजेता - कोको गॉफ (अमेरिका)
  उपविजेता - एलेना सबालेंका (बेलारूस)
- **पुरुष युगल:-**
  विजेता- राजीवराम (अमेरिका) और सेलिसबरी (ब्रिटेन)
  उपविजेता- रोहन बोपन्ना (भारत) और मैथ्यू एबडेन (ऑस्ट्रेलिया)
- **महिला युगल:**-विजेता-गैबरीला डेबरोब्स्की (कनाडा) एवं इरीना रौटलीफे (न्यूजीलैण्ड)
  उपविजेता-लौरा सिगेमंड (जर्मनी) एवं वेरा ज्वोनेरेवा (रूस)

4. इंडोनेशिया बैड़मिंटन मास्टर्स:-

- **आयोजन स्थल**- मेड़ान (इण्डोनेशिया)
- सुपर 100 बैड़मिंटन चैंपियनशिप के विजेता- किरण जॉर्ज (भारत)
  उपविजेता-कू ताकाहाशी (जापान)

5. डूरंड कप 2023:-

- **आयोजन**- 3 अगस्त - 3 सितम्बर
- **आयोजन स्थल**- कोलकाता, गुवाहाटी और कोकराझार
- **विजेता**- मोहन बागान (17वाँ खिताब) - 60 लाख रुपये
  उपविजेता - ईस्ट बंगाल - 30 लाख रुपये

प्रमुख अवॉर्ड

- **गोल्डन ग्लब्स अवॉर्ड:**- विशाल कैथ (मोहन बागान)
- **गोल्डन बूट अवॉर्ड:**- डेविड लालह्लानसंगा (मोहम्मडन एस सी)
- **गोल्डन बॉल पुरस्कार:**-नंदकुमार शेखर (ईस्ट बंगाल एफ सी)

डूरंड कप:-

- **प्रारंभ:- 1888 (शिमला)**
- **भारत का घरेलू फुटबॉल टूर्नामेंट**
- एशियाई फुटबॉल कॉन्फेडरेशन (AFC से मान्यता प्राप्त)

6. पुरुष हॉकी फाइव्स एशिया कप 2023:-

- **आयोजन**- 29 अगस्त से 2 सितम्बर
- **आयोजन स्थल**-सलालह (ओमन)
- **विजेता** - भारत
- **उपविजेता** - पाकिस्तान
- भारत ने हॉकी विश्व कप 2024 में प्रवेश किया।

7. इंटरनेशनल शूटिंग स्पोर्टस फैडरेशन-2023:-

- **आयोजन** - 12 सितम्बर से 19 सितम्बर
- **आयोजन स्थल**- रियो - डि-जेनेरियो (ब्राजील)
- **प्रथम स्थान** - चीन (28 पदक), 15 स्वर्ण, 7 रजत, 6 कांस्य
- **भारत की रैंक**- 5th [1 स्वर्ण एवं 1 रजत]
- **स्वर्ण पदक**- इलावेनिल वलारिवन [10 मीटर एयर राइफल स्पर्द्धा]
- **स्वर्ण पदक**- निश्चल [50 मीटर राइफल]

इंटरनेशनल शूटिंग स्पोर्ट्स फैडरेशन (ISSF):-

- **गठन**- 1907
- शूटिंग खेल के लिए अंतर्राष्ट्रीय संस्था हैं।
- प्रथम शूटिंग वर्ल्ड कप 1947 में आयोजित हुआ।
- **वर्तमान अध्यक्ष:**- लुसियानो रॉसी

8. 19th फीफा बास्केटबॉल विश्व कप-2023

- **आयोजन:**- 25 अगस्त से 10 सितम्बर
- **आयोजनस्थल**-फिलीपींस, जापान और इंडोनेशिया

फाइनल गेम:-

- **स्थल:**- पसाय (फिलीपींस)
- **विजेता**- जर्मनी (प्रथम खिताब)
  उपविजेता- सर्बिया
- **मोस्ट वेल्युएबल प्लेयर ऑफ टूर्नामेंट** :- डेनिस श्रोडर (जर्मनी)

9. मोटो जीपी भारत-2023:-

- **आयोजन** - 22- 24 सितम्बर
- **आयोजन स्थल**-बुद्ध इंटरनेशनल सर्किट (ग्रेटर नोएडा)

तथ्य:-

i. 5.01 किलोमीटर लम्बे ट्रैक पर 120.24 किलोमीटर की रेस हुई।
ii. विश्व की 41 टीमों के 82 राइडर्स ने भाग लिया।
iii. मोटो जीपी का आयोजन भारत में प्रथम बार किया गया।

विजेता

- **मोटो जीपी**- मार्को बेजेची (इटली)
- **मोटो- 2**- जॉर्ज मार्टिन (स्पेन)
- **मोटो-3**- फैबियो क्वार्टारो (फ्रांस)

विविध:-

1. प्रथमेश जावकर ने तीरंदाजी विश्वकप फाइनल-2023 में रजत पदक प्राप्त किया। माथियास फुलर्टन (डेनमार्क) ने स्वर्ण पदक जीता।
2. विश्व कुश्ती चैंपियनशिप में 'कांस्य पदक' जीतकर अमित पंघाल (53 किग्रा) ने पेरिस ओलंपिक 2024 का कोटा प्राप्त किया।
3. डायमंड लीग-2023 में भारतीय जेवलिन को प्लेयर 'नीरज चोपड़ा' ने रजत पदक प्राप्त किया। ये इस लीग के प्रथम भारतीय पदक प्राप्तकर्ता हैं।
4. मैक्स वर्सटाप्पेन (नीदरलैण्ड) ने रेडबुल रेसिंग होंडा टीम की ओर से 'जापानीज ग्रांड प्रिक्स फॉर्मूला-1 रेस' जीती।
5. फरारी की तरफ से कार्लोस सेंज (स्पेन) द्वारा 'सिंगापुर ग्रांड प्रिक्स फॉर्मूला-1 रेस' में विजय प्राप्त की।
6. मैक्स वर्सटाप्पेन (नीदरलैण्ड) द्वारा 'इटेलियन ग्रांड प्रिक्स फॉर्मूला-1 रेस' में विजय प्राप्त की।
7. स्नूकर खिलाड़ी रोनी ओ सुल्विवान (इंग्लैण्ड) ने लुका ब्रेसेल (बेल्जियम) को हराकर शंघाई मास्टर्स का खिताब जीता।
8. आर्मंड डुप्लांटिस (स्वीडन) ने यूजीन (अमेरिका) में आयोजित डायमंड लीग फाइनल में पोल्ट वॉल्ट में 6. 23 मीटर की ऊँचाई तय कर विश्व रिकॉर्ड तोड़ा।

10. पुरस्कार/पुस्तकें/नियुक्तियाँ

राजस्थान साहित्य अकादमी पुरस्कार		
पुरस्कार	**प्राप्तकर्ता**	**कृति**
मीरां पुरस्कार	रत्नकुमार सांभरिया (जयपुर)	उपन्यास 'सांप'
साहित्य-मनीषी	वेद व्यास	–
अकादमी द्वारा 70 वर्षों में अब तक कुल 17 लोगों को यह पुरस्कार दिया गया है, जिनमें डॉ. संपूर्णानंद, रामधारी सिंह दिनकर, जर्नादन राय नगर, कन्हैयालाल सेठिया, डॉ. रामानंद तिवारी 'भारती नंदन' जैसे वरिष्ठ और लब्धप्रतिष्ठि साहित्यकार शामिल हैं।		
जनार्दनराय नागर सम्मान	**डॉ. रणजीत**	–
सुधींद्र पुरस्कार	चेतन औदिच्य (उदयपुर)	पानी (कविता संग्रह)
रांगेय राघव पुरस्कार	पुरुषोत्तम पोमल (जालौर)	पाषाण पुत्री क्षत्राणी हीरा-दे (उपन्यास)
देवराज उपाध्याय पुरस्कार	हरीश बी. शर्मा (बीकानेर)	प्रस्थान बिंदु
कन्हैयालाल सहल पुरस्कार	राघवेंद्र रावत (जयपुर)	मारक लहरों के बीच (डायरी)
देवीलाल सामर पुरस्कार (नाटक विधा)	रासबिहारी गौड़ (अजमेर)	गांधी जिंदा है
शंभूदयाल सक्सेना पुरस्कार बाल साहित्य	रोचिका अरुण शर्मा (कोटा मूल की चेन्नई निवासी)	किताबों से बातें (कथाकृति)
सुमनेश जोशी पुरस्कार (प्रथम कृति)	बिलाल पठान (उदयपुर)	अब पेड़ फल बेचेंगे

पुरस्कार सम्मान राशि

- **मीरां पुरस्कार :** रु. 75 हजार
- **सुमनेश जोशी पुरस्कार:** रु. 21 हजार
- **साहित्य मनीषी :** 2.5 लाख
- **जनार्दनराय नागर सम्मान:** रु. 1 लाख
- **अन्य पुरस्कार :** रु 31 हजार

53वाँ दादा साहेब फाल्के पुरस्कार-2023

- **पुरस्कृत**-वहीदा रहमान (85 वर्षीय अभिनेत्री)
- **घोषणा**-अनुराग ठाकुर (सूचना एवं प्रसारण मंत्री)द्वारा।

वहीदा रहमान

- **जन्म**- 3 फरवरी, 1938 (चेन्नई)
- **कार्यस्थल**- तमिल फिल्म इंडस्ट्री
- **सम्मान**- पद्मभूषण (2011), पद्म श्री (1975)

दादा साहेब फाल्के पुरस्कार

- भारत सरकार द्वारा प्रदत्त वार्षिक पुरस्कार
- प्रारंभ-1969(दादा साहब फाल्के की जन्म शताब्दी)
- प्रथम पुरस्कृत-देविका रानी (1969)
- देश में फिल्म जगत का सर्वोच्च पुरसकार हैं।

नोर्मन बोरलॉग फील्ड अवॉर्ड-2023

- **आयोजन** - अमेरिका
- **पुरस्कृत** - डॉ. स्वाति नायक [10 हजार डॉलर + डिप्लोमा]
- **प्रदाता** - रॉकफेलर फाउंडेशन एवं वर्ल्ड फूड प्राईज फाउण्डेशन
- **उद्देश्य**- खाद्य एवं पोषण सुरक्षा तथा भूखमरी उन्मूलन के क्षेत्र में काम करने वाले 40 वर्ष से कम उम्र के असाधारण वैज्ञानिकों को प्रोत्साहित करना।

रेमन मैग्सेसे पुरस्कार 2023:-

- **वितरण:**-31 अगस्त (रेमन मैग्सेसे जयंती)
- **पुरस्कृत:**- 4 लोग पुरस्कृत
  (i) डॉ रवि कन्नन आर. (भारत)
  [असम में कैंसर उपचार में क्रांति लाने का श्रेय]
  (ii) कोरवी रक्षंद (बांगलदेश)
  (iii) यूजेनियो लेमोस (तिमोर-लेस्ते)
  (iv) मरियम कोरोनेल फेरर (फिलीपींस)

रेमन मैग्सेसे पुरसकार:-

- **प्रारंभ**- 1957
- एशिया का सर्वोच्च सम्मान
- एशिया का नोबेल पुरस्कार
- रेमन मैगसेसे फिलीपींस के तृतीय राष्ट्रपति थे।
- यह पुरस्कार जनकेन्द्रित व समाजसेवी कार्यों हेतु प्रदान किया जाता है।

राष्ट्रीय विज्ञान पुरस्कार:-

- **प्रारंभ:**-21 सितंबर, 2023
- **प्रारंभकर्त्ता**-भारत सरकार
- **कार्य क्षेत्र**-विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी में नवाचार
- **उद्देश्य**-विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी के नवाचारों व अनुसंधानों में वृद्धि करना।
- **श्रेणियाँ**- उक्त पुरस्कार की 4 श्रेणियों है-
  (i) विज्ञान रत्न पुरस्कार
  (ii) विज्ञान श्री पुरस्कार
  (iii) विज्ञान युवा शांति स्वरूप भटनागर पुरस्कार
  (iv) विज्ञान टीम पुरस्कार
- **घोषणा तिथि**-11 मई (राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस)
- **वितरण तिथि**-23 अगस्त (राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस)

शांतिस्वरूप भटनागर पुरस्कार-2022:-

- **प्रदाता**-भारतीय वैज्ञानिक और औद्योगिक अनुसंधान परिषद (CSIR)
- **क्षेत्र**-विज्ञान के विभिन्न क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य हेतु 7 विषयों में।
- **पुरस्कृत वैज्ञानिक:**-12 वैज्ञानिक पुरस्कृत हुए।
  (i) **जीव विज्ञान**- (a) अश्विनी कुमार (माइक्रो-बायोलॉजिस्ट, चंडीगढ़)
  (b) मद्दिका सुब्बा रेड्डी (सेंटर फॉर डीएनए फिंगर प्रिंटिंग डायग्नोस्टिक हैदराबाद)
  (ii) रसायन विज्ञान:- (A) अक्कट्टू टी बीजू (भारतीय विज्ञान संस्थान, बैंगलुरु)
  (B) देवव्रत माटी (IIT बॉम्बे)
  iii) पृथ्वी, वातावरण, समुद्र एवं खगोल विज्ञान:-
  (A) विमल मिश्रा (IIT गांधीनगर)
  iv) इंजीनियरिंग विज्ञान:- (A) दीप्ती साहू (IIT दिल्ली) (B) रजनीश कुमार (IIT मद्रास)
  (v) चिकित्सा विज्ञान:- (A) दिप्यमान गांगुली (इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ कैमिकल बायलॉजी, कोलकत्ता)
  (vi) भौतिक विज्ञान:- (A) अनिन्दया दास (भारतीय विज्ञान संस्थान, बैंगलुरु)
  (vii) गणितीय विज्ञान - (A) अपूर्वा खरे (भारतीय विज्ञान, संस्थान, बैंगलुरु) (B) नीरज कायल (माइक्रो सॉफ्ट रिसर्च लैब इंडिया)

शांति स्वरूप भटनागर पुरस्कार:-

- 1958 से प्रारंभ
- **पात्रता:**-विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी के अनुसंधान में प्रयासरत् 45 वर्ष तक की आयु वाले नागरिक।
- **पुरस्कार**-
  (i) 1 प्रशस्ति पत्र, 5 लाख रुपये (6300 US $)
  (ii) 65 वर्ष की आयु तक 15000 रु प्रति माह

राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार-2023:-

- **पुरस्कार तिथि**- 5 सितम्बर (राष्ट्रीय शिक्षक दिवस)
- **पुरस्कार स्थल**- विज्ञान भवन (नई दिल्ली)
- **75 शिक्षक** सम्मानित **हुए**-
  [A] स्कूल शिक्षा से - 50 शिक्षक
  [B] उच्च शिक्षा से - 13 शिक्षक
  [C] कौशल विकास एवं मंत्रालय से 12 शिक्षक
- **राष्ट्रीय शिक्षक दिवस:**-
  भारत के प्रथम उपराष्ट्रपति डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन् के जन्मदिवस के अवसर पर प्रतिवर्ष 5 सितम्बर को यह मनाया जाता है।
- **पुरस्कार** का **उद्देश्य:**-
  शिक्षा, शिक्षक व विद्यार्थियों के मध्य सकारात्मक वातावरण तैयार करना।

संगीत नाटक अकादमी अमृत पुरस्कार-2023:-

- यह प्रदर्शन कला के क्षेत्र का राष्ट्रीय पुरस्कार हैं।
- यह 75 वर्ष से अधिक आयु के कलाकारों को प्रदान किया जाता हैं।
- अमृत महोत्सव के अवसर पर उपराष्ट्रपति जगदीप धनकड़ द्वारा 84 कलाकारों के ये पुरस्कार प्रदान किये गये।
- 84 कलाकारों में 70 पुरुष व 14 महिलाएँ शामिल है।

राजस्थान से सम्मानित-

(i) सरतज नारायण माथुर (थियेटर)
(ii) भारत रत्न भार्गव (थियेटर)
(iii) थोथे खान (अलगोजा वादक)
(iv) हाकिम खान (लोक संगीत)
(v) गिरधारी महाराज (कत्थक)

पुरस्कार- 1 लाख रुपये एवं ताम्रपत्र।

ग्रामीण पर्यटन ग्राम पुरस्कार-2023:-

- 27 सितम्बर (विश्व पर्यटन दिवस) के अवसर पर
- केन्द्रीय पर्यटन मंत्रालय द्वारा
- देश के 35 पर्यटन ग्राम शामिल
- राजस्थान से 2 ग्राम शामिल-
  (a) मीनल गाँव (चित्तौड़गढ़) - रजत पदक
  (b) नौरंगाबाद (अलवर) - कांस्य पदक

स्टैनफोर्ड विश्वविद्यालय द्वारा जारी वैज्ञानिक सूची में राजस्थान

- स्टैनफोर्ड यूनिवर्सिटी द्वारा विश्व के शीर्ष 2% वैज्ञानिकों की सूची जारी की।
- इसमें जोधपुर के 7 वैज्ञानिक शामिल हुए

नाम	रैंक	क्षेत्र	संस्थान
डॉ. तनुज कंचन	73	फोरेंसिक मेडिसिन	एम्स जोधपुर
डॉ. जेसी तरफदार	992	कृषि विज्ञान	काजरी जोधपुर
डॉ. एनएम नाहर	2721	ऊर्जा	काजरी जोधपुर
डॉ. दिलीप जैन	1042	खाद्य विज्ञान	काजरी जोधपुर
प्रो. राकेश के शर्मा	1860	कार्बनिक रसायन	IIT जोधपुर
प्रो. भगवती पी. कश्यप	1987	मेटेरियल्स	IIT जोधपुर
प्रो. गौरव भटनागर	4206	आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस	IIT जोधपुर

राजस्थान उद्योग रत्न पुरस्कार-

- MSME दिवस (17 सितंबर) पर वर्ष 2022-23 हेतु प्रदान किया गया।
- इसमें 9 उद्यमियों को 'राजस्थान उद्योग रत्न पुरस्कार' प्रदान किया गया।

श्रेष्ठ बुनकर पुरस्कार
(i) जेबुनिशा (कैथून, कोटा)
(ii) मोहम्मद यासीन (बाराँ)

हस्तशिल्प रत्न पुरस्कार- इन्दर सिंह कुदरत (जयपुर)

- **MSME क्या है**-इससे तात्पर्य सूक्ष्म, लघु एवं माध्यम उद्यमों से हैं, जिनका प्रबंधन सूक्ष्म, लघु, और मध्यम उद्यम मंत्रालय (MOMSME) द्वारा किया जाता है।

राज्य स्तरीय संस्कृत विद्वान समारोह-

- **आयोजन**-29 अगस्त, 2023 (बिड़ला ऑडिटोरियम, जयपुर)
- संस्कृत भाषा के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने वाले विद्वान व संस्थान भी सम्मानित हुए, वे हैं-

(I) संस्कृत साधना शिखर सम्मान-पं. सांबरमल शर्मा

(II) संस्कृत साधना सम्मान- (i) डॉ. दीरघराम रामस्नेही (ii) डॉ. गजानन मिश्र

(III) संस्कृत विद्वत्सम्मान- (i) डॉ. विश्वम्भर दयाल जोशी (ii) डॉ. शीतल चन्द्र जैन (iii) प्रो. श्रीमती भगवती सुदेश (iv) कौशलदत्त शर्मा (v) पं. गौरीशंकर शर्मा (vi) डॉ. देवेन्द्र चतुर्वेदी

13. संगीत नाटक अकादमी रत्न सम्मान:-

- राजस्थान संगीत नाटक अकादमी, जोधपुर द्वारा प्रदत्त सर्वोच्च फैलोशिप अवॉर्ड हैं।
- यह पुरस्कार देश की प्रसिद्ध वरिष्ठ नाट्य निर्देशक 'भानुभारती' (उदयपुर) को प्रदान किया।
- इसके अतिरिक्त 13 कलाकारों को अवॉर्ड, 6 को 'युवा पुरस्कार' एवं 3 को 'बाल पुरस्कार' भी प्रदान किया गया।

राजस्थान संगीत नाटक अकादमी (जोधपुर):-

- इसकी स्थापना राजस्थान सरकार द्वारा 1957 में हुई।
- कार्य-संगीत के क्षेत्र में शोध एवं सृजन के साथ प्रोत्साहन द्वारा संगीत का प्रसार।
- वर्तमान अध्यक्ष-श्रीमति बिनाका जेश मालू।

हिंदी दिवस समारोह:-

- **हिंदी दिवस**- 14 सितम्बर
- **समारोह स्थल**-बिड़ला ऑडिटोरियम (जयपुर)
- **आयोजनकर्त्ता**-भाषा एवं पुस्तकालय विभाग
- **सम्मान**-3 लेखक (हिन्दी विषय में विद्वान) 440 विद्यार्थी [हिंदी में 100% अंक प्राप्त]

14 सितम्बर को क्यों:-

(i) 14 सितम्बर, 1949 को एक कानून बनाया गया जिसमें हिंदी को राष्ट्रभाषा नहीं बल्कि राजभाषा का दर्जा दिया गया।

(ii) प्रसिद्ध हिंदी कवि 'व्यौहार राजेन्द्र सिंह' जी की जयंती भी आती है।

हिंदी सेवा पुरस्कार:-

(i) डॉ. फतेह सिंह भाटी (कृति-उमा दे)

(ii) डॉ. सत्यवीर सिंह एवं रामविलास (कृषि क्षेत्र)

(iii) विनोद बोथले (विज्ञान विधा-नौ संचालन उपग्रह प्रणाली: एक परिचल)

- इन्हें 50000 रु. का चैक, प्रमाणपत्र, अंग वस्त्र एवं पौधा भेंट किया गया।

विविध:-

(i) डॉ. सुरिंदर सहगल को 13वें स्वामीनाथन पुरस्कार-2023 से सम्मानित किया गया।

(ii) 'विजयवाडा रेलवे स्टेशन' को भारतीय ग्रीन बिल्डिंग काउंसिल द्वारा प्लेटिनम रेटिंग एवं 'ग्रीन रेलवे स्टेशन' सर्टिफिकेट से सम्मानित किया गया।

प्रमुख नियुक्तियाँ:-

- **अभिनेता सुरेश गोपी** सत्यजीत रे फिल्म एंड टेलीविजन संस्थान के अध्यक्ष नामित किये गये।
- **रजनीश कुमार** को मास्टर्सकार्ड इंडिया का अध्यक्ष नियुक्त किया गया।
- **'मनीष देसाई'** को पत्र सूचना कार्यालय (PIB) के प्रधान महानिदेशक नियुक्त किया गया।
- **'थर्मन शान्मुगरतनम्'** ने सिंगापुर के राष्ट्रपति का पदभार ग्रहण किया।

प्रमुख पुस्तकें

1. Fire on the Ganges : Life among the dead in Banaras - राधिका अयंगर
2. Strange Burdens: The politics and predicaments of Rahul Gandhi – सुगाता श्रीनिवास राजू
3. एलन मस्क - वाल्टर इसाकसन
4. हिन्दुज इन हिन्दु राष्ट्र - आनंद रंगनाथन
5. Nothing but the truth- रिषभ शाह
6. Balidan : stories of india's greatest para special forces operatives - स्वप्निल पांडेय

11. निधन

1. एम.एस. स्वामीनाथन

- भारतीय हरित क्रांति के जनक एवं प्रसिद्ध कृषि वैज्ञानिक स्वामीनाथन जी का निधन 98 वर्ष की उम्र में चेन्नई में हो गया।

उपलब्धियाँ:-

(i) 1972-80 तक 'भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (ICAR) के अध्यक्ष रहे।'

(ii) 1982-88 तक 'अंतर्राष्ट्रीय चावल अनुसंधान संगठन' के महानिदेशक रहे।

(iii) पुरस्कार:-

(a) अल्बर्ट आइंस्टीन विश्व विज्ञान पुरस्कार (1986)

(b) पद्म श्री (1967), पद्म भूषण (1972), पद्म विभूषण (1989)

(c) प्रथम वर्ल्ड फूड प्राईज (1987)

2. एन. वलारमथी:-

(i) 64 वर्षीय दूसरों की वैज्ञानिक वलारमथी जी का निधन हार्ट अटैक से हुआ।

- जन्म:- 31 जुलाई, 1959

उपलब्धियाँ:-

(i) गत 6 वर्षों से दूसरों के लॉच मिशनों (चन्द्रयान सहित) में लांचिंग काउंटडाऊन इन्हीं के द्वारा किया जा रहा था।

(ii) भारत के प्रथम रडार इमेजिंग सैटेलाईट (RISAT-I) की प्रोजेक्ट डायरेक्टर थी।

(iii) 'अब्दुल कलाम पुरस्कार' (तमिलनाडु सरकार) प्राप्त करने वाली प्रथम वैज्ञानिक थी।

3. अरुण कुमार सिन्हा:-

- स्पेशल प्रोटेक्शन ग्रुप (SPG) के डायरेक्टर एवं प्रधानमंत्री की सुरक्षा का जिम्मा संभालने वाले अरुण कुमार जी का निधन 61 वर्ष की आयु में गुरुग्राम में हुआ।
- ये 1987 बैच के IPS हैं।
- इसी वर्ष इन्हें केन्द्र सरकार द्वारा 1 वर्ष का सेवा विस्तार दिया गया था।

स्पेशल प्रोटेक्शन ग्रुप (SPG):-

- **स्थापना**-1985 [इंदिरा गांधी की हत्या के पश्चात्]
- SPG प्रधानमंत्री की सुरक्षा एवं पद त्याग के 5 वर्ष बाद तक ही सिक्योरिटी प्रदान करता हैं। [विधेयक 2019]
- **कार्य**-प्रधानमंत्री जी के घर, ऑफिस, देश-विदेश आदि सभी जगहों एवं कार्यक्रमों में उनकी सुरक्षा का जिम्मा संभालती हैं।

4. डॉ. सरोज वैद्यनाथन:-

- पद्मश्री (2002) एवं पद्मभूषण (2012) से सम्मानित प्रसिद्ध भरतनाट्यम् नृत्यांगना डॉ. सरोज वैद्यनाथन का 86 वर्ष की उम्र में निधन हो गया।

5. गीता मेहता:-

- प्रसिद्ध लेखिका एवं फिल्म निर्माता गीता मेहता जी का 80 वर्ष की आयु में निधन हो गया।

उपलब्धियाँ:-

(i) गीता साहित्य पुरस्कार (2019)

(ii) पद्म श्री [शिक्षा क्षेत्र (2019)] :- पुरस्कार अस्वीकार किया

(iii) प्रमुख पुस्तके:- (a) स्नेक एंड लैडर्स
(b) कर्मा कोला
(c) अखिर सूत्र
(d) राज
(e) द इटरनल गणेशा

6. उस्ताद अली जकी हैदर:-

- उस्ताद असद अली खान जी के शिष्य एवं प्रसिद्ध रूद्र वीणा के प्रतिपादक 'उस्ताद अली जकी हैदर' का निधन 50 वर्ष की आयु में हो गया।
- ये ध्रुपद गायकी घराने (बीनकर घराने) की खण्ड़हरवाणी शैली के अंतिम प्रतिपादक थे।
- **रूद्र वीणा:**-यह ध्रुपद गायकी में प्रयुक्त एक विशेष वाद्य यंत्र हैं।

ध्रुपद गायिकी के प्रकार:-

- डागरवाणी
- खण्डारवाणी
- गौहरवाणी
- नौहरवाणी

7. डेनिस ऑस्टिन:-

- कैलेफोर्निया के प्रसिद्ध सॉफ्टवेयर डवलपर डेनिस ऑस्टिन का 76 वर्ष की उम्र में निधन हो गया।
- ऑस्टिन ने राबर्ट गैसकिंस के साथ मिलकर 1987 में 'पावर पाइंट' को लांच किया था।

8. मालिनी राजुरकार:-

- इनका जन्म 1941 में अजमेर में हुआ।
- प्रसिद्ध हिन्दुस्तानी शास्त्रीय संगीत गायिका का निधन 82 वर्ष की आयु में हैदराबाद में हो गया।
- ये ग्वालियर घराने की प्रतिपादक थी।
- इन्हें संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार (2001) से सम्मानित किया गया।

12. प्रमुख दिवस एवं सप्ताह (अंतर्राष्ट्रीय)

दिनांक	दिवस	थीम
7 सितम्बर	अंतर्राष्ट्रीय पुलिस सहयोग दिवस	
8 सितम्बर	(I) विश्व भौतिक चिकित्सा दिवस	Prevention and Management of Osteorthritis
	(II) अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस	Promoting Literacy for a world in transition : Building the foundation for sustainable and peaceful societies.
9 सितम्बर	वर्ल्ड इलेक्ट्रिक व्हीकल दिवस	
15 सितम्बर	अंतर्राष्ट्रीय लोकतंत्र दिवस	Empowering the next generation
16 सितम्बर	विश्व ओजोन दिवस	Montreal protocol : fixing the ozone layer and reducing climate change
18 सितम्बर	विश्व समान वेतन दिवस	
21 सितम्बर	विश्व शांति दिवस	Action for peace : our ambition for the Global Goals.
24 सितम्बर	विश्व नदी दिवस	नदियों का अधिकार
27 सितम्बर	विश्व पर्यटन दिवस	पर्यटन और हरित निवेश
29 सितम्बर	विश्व हृदय दिवस	Health for all.

राष्ट्रीय

दिनांक	दिवस	थीम
5 सितम्बर	राष्ट्रीय शिक्षक दिवस	
9 सितम्बर	हिमालय दिवस	हिमालय के ईको सिस्टम को संरक्षित करना।
11 सितम्बर	राष्ट्रीय वन शहीद दिवस	
14 सितम्बर	हिन्दी दिवस	
15 सितम्बर	नेशनल इंजीनियर्स डे	
25 सितम्बर	अन्त्योदय दिवस (पं.दीनदयाल उपाध्याय जयंती)	

प्रमुख तथ्य-

(I) राष्ट्रीय पोषण सप्ताह:- 1- 7 सितम्बर

(II) साक्षरता सप्ताह:- 1-8 सितम्बर [शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार]

(III) विश्व रोगी सुरक्षा सप्ताह:- 11-17 सितम्बर

(IV) स्वच्छता पखवाड़ा - 16 सितम्बर- 2 अक्टूबर

(V) 6वाँ राष्ट्रीय पोषण माह:- सितम्बर मास (प्रतिवर्ष)

थीम- 'सुपोषित भारत, साक्षर भारत' सशक्त भारत

13. जिस्ट : योजना (सितंबर-2023)

न्याय बंधु - निःशुल्क कानूनी सहायता और सलाह

कानूनी सेवा प्राधिकरण अधिनियम 1987 की धारा 12 के तहत अनुसूचित जाति अनुसूचित जनजाति, मानव तस्करी या भीख मांगने के शिकार, महिलाएं या बच्चे, दिव्यांग और अन्य पात्र श्रेणियों सहित हाशिए पर या वंचित आवेदकों को न्याय विभाग के न्याय बंधु कार्यक्रम द्वारा मुफ्त कानूनी सहायता और सलाह प्राप्त करने का अधिकार है।

योजना के बारे में

- **न्याय बन्धु:** एक निःशुल्क कानूनी सेवा है जिसे पंजीकृत वकीलों को पंजीकृत लाभार्थियों से जोड़ने के लिए विकसित किया गया है।
- **प्रावधान:**
  - यह योजना ऐसे व्यक्तियों और संगठनों को स्वैच्छिक कानूनी सलाह देता है जो कानूनी सलाह लेने में असमर्थ हैं और / या कानूनी सहायता प्राप्त नहीं कर सकते।
  - जिन लोगों को कानूनी सहायता की वास्तविक आवश्यकता होती है उन्हें मुफ्त में या न्यूनतम लागत पर वकीलों द्वारा कानूनी सहायता उपलब्ध होती है जिससे उन्हें अपनी कानूनी समस्याओं का सार्थक रूप से समाधान का अवसर मिलता है।
  - अपना समय और सेवाएं स्वेच्छा से देने में रुचि रखने वाले पेशेवर अधिवक्ताओं को मोबाइल प्रौद्योगिकी के माध्यम से हाशिए पर रहने वाले योग्य लाभार्थियों से जोड़ा जाता है।
- **न्याय बंधु मोबाइल एप्लिकेशन :** इसे विकसित किया गया है और इसे उमंग प्लेटफॉर्म पर भी शामिल किया गया है।
- **प्रो बोनो का अर्थ:** 'प्रो बोनो पब्लिको' का संक्षिप्त रूप, यह एक लैटिन शब्द है जिसका अर्थ है 'जनता की भलाई के लिए।'
- **छोटे शुल्क:** आवेदक और वकील के बीच आपसी समझ के आधार पर आवेदक को फोटोकॉपी, पोस्टिंग और टाइपिंग शुल्क जैसे आकस्मिक खर्च वहन करने की आवश्यकता पड़ सकती है।
- **आवेदक द्वारा दर्ज किया गया केस दो मापदंडों के मिलान के आधार पर एक** वकील **को सौंपा जाता है:**
  - अभ्यास का क्षेत्र / मामले की श्रेणी दीवानी या फौजदारी ।
  - प्रैक्टिस कोर्ट/न्यायालय जहां मामला लंबित है - न्यायालय का नाम।
- **तंत्र:** प्रोग्राम में स्टोर किये गए अधिवक्ताओं के डाटाबेस की छंटाई के माध्यम से यह मिलान स्वचालित रूप से किया जाता है।

भूमिकाएं और उत्तरदायित्व

- **रजिस्ट्रार जनरल, उच्च न्यायालय::**
  - न्याय बंधु पैनल के लिए कार्यान्वयन सहायता प्रदान करना।
  - वकीलों के पंजीकरण, मंजूरी का प्रबंधन करना और उनके प्रदर्शन की समीक्षा करना।
  - उच्च न्यायालय स्तर पर इस पैनल की गतिविधियों के प्रबंधन और प्रशासन के लिए एक प्रभारी नियुक्त करना।
  - न्याय बंधु पैनल की गतिविधियों के बारे में नियमित आधार पर अनुकुलन और जागरुकता सत्र आयोजित करना।
- **न्याय विभाग:**
  - स पहल के सफल कार्यान्वयन के लिए समन्वय और सुविधा प्रदान करने में सहायता प्रदान करना । उ
  - च्च न्यायालय के समन्वय से त्रैमासिक समीक्षा बैठक आयोजित करना और सभी हितधारकों को प्रस्तुत करने के लिए एक समेकित छमाही रिपोर्ट तैयार करना ।
- **सीएससी ई - गव:**
  - न्याय विभाग के समन्वय में निगरानी और रिपोर्टिंग उद्देश्यों के लिए न्याय बंधु पैनल के वेब-आधारित एप्लिकेशन के डिजाइन, विकास, संचालन और रखरखाव में सहायता प्रदान करना।
  - प्रक्रियाओं, कार्यों और ट्रिगर्स के लेखन, डाटाबेस का रखरखाव करना, प्रशिक्षण प्रदान करना ।
  - इस एप्लिकेशन के उपयोगकर्ता मैनुअल को तैयार करने में सहायता करना।

एक नौकरशाह का निर्माण

लोकतांत्रिक सरकार में सिविल सेवा एक महत्वपूर्ण संस्था है। इस पर नीतियों को तैयार करने, शासन और कल्याण करने वाले कार्यक्रमों के माध्यम से उन्हें लागू करने और तंत्र को कायम रखने से जुड़ी सेवाओं का निर्वहन करने में कार्यपालिका और विधायी शासन प्रणाली की सहायता करने की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

हालांकि, सार्वजनिक गतिविधि या प्रशासन के हर रूप और आकार में इसकी उपस्थिति के बावजूद, नौकरशाही का वर्गीय दृष्टिकोण कार्यपालिका से जुड़े क्षेत्र की सेवा के लिए संगठित लोगों के समूह तक ही सीमित है। अतः यह परीक्षण प्रचलित परिभाषा तक ही सीमित है।

फ्रांस में 18वीं सदी में जैक्स गौरने द्वारा 'नौकरशाह' शब्द गढ़ा गया था और जिसका यूरोपीय रूप फ्रेडरिक द ग्रेट के प्रशिया में विकसित हुआ, जो मैक्स वेबर और उनके द्वारा चिह्नित विशेषताओं को चित्रित करता है।

भारत की सिविल सेवा इनसे प्रभावित थी, और 1854 की नॉर्थकोट- ट्रेवेलियन रिपोर्ट अवधारणाओं के परिणामस्वरूप 1858 में क्वीन की घोषणा सामने आई। तब से इसे खुली प्रतिस्पर्धी परीक्षाओं के आयोजित किया जा रहा है। योग्यता सिद्धांत पर स्वतंत्र भारत के संविधान का भाग XIV व्यावसायिकता का समर्थन करने वाले विस्तृत सुरक्षा उपायों के साथ संघ लोक सेवा आयोग और राज्य आयोगों का निर्माण करके कुशल 'लोक सेवाओं' का प्रावधान प्रदान करता है।

मिशन कर्मयोगी

- **अन्य नाम:** नेशनल प्रोग्राम फॉर सिविल सर्विसेज कैपेसिटी बिल्डिंग (एनपीसीएससीबी)।
- **उद्देश्य:** पारदर्शिता और प्रौद्योगिकी के माध्यम से सिविल सेवकों को अधिक रचनात्मक, सृजनात्मक और नवोन्मेषी बनाकर भविष्य के लिए तैयार करना।
- **महत्व:** यह अनूठा कार्यक्रम देश में सिविल सेवकों के लिए नींव तैयार करने में मदद करेगा। "ऑफ-साइट लर्निंग" के पूरक में 'ऑन-साइट लर्निंग' पर अधिक ध्यान दिया जाएगा।

मिशन कर्मयोगी के छह स्तंभ

- नीतिगत ढांचा
- संस्थागत ढांचा
- योग्यता ढांचा
- डिजिटल लर्निंग फ्रेमवर्क iGOT-कर्मयोगी
- इलेक्ट्रॉनिक मानव संसाधन प्रबंधन प्रणाली
- निगरानी एवं मूल्यांकन ढांचा

मिशन की आवश्यकता

- नौकरशाही प्रशासनिक क्षमता के साथ-साथ क्षेत्र ज्ञान का विकास करना।
- भर्ती प्रक्रिया को औपचारिक बनाना और सार्वजनिक सेवा को नौकरशाह की क्षमता से जोड़ना।

उद्देश्य

- **क्षमता निर्माण:** प्रतिभा पूल को अद्यतन करना, और सरकारी अधिकारियों के व्यक्तिगत और पेशेवर विकास और सम्मान के अवसर प्रदान करना।
- **अधिकारियों को समाज की चुनौतियों का सामना** करने के लिए प्रशिक्षण देना।
- **नई परंपरा:** केवल ऑफिस में काम करने की संस्कृति को ख़त्म करना और प्रशिक्षण पाठ्यक्रम की बहुलता पर काबू पाना।
- **मानव संसाधन प्रबंधन पद्धतियों में सुधार:** यह सिविल सेवकों की क्षमता बढ़ाने के लिए पैमाने और अत्याधुनिक बुनियादी ढांचे का उपयोग करेगा।



चुनौतियां

कर्मयोगी मार्गनिर्देश, 2023

- जन-भागीदारी की भावना के साथ राष्ट्रीय प्राथमिकताओं को पूरा करने के लिए सिविल सेवाओं को भविष्य के लिए उपयुक्त ज्ञान, कौशल और दृष्टिकोण से सुसज्जित करना
- सिविल सेवा प्रशिक्षण संस्थानों को सिविल सेवा क्षमता-निर्माण के लिए एक प्रभावी कार्यान्वयन का माध्यम बनने में सक्षम बनाना
- सरकार में मानव संसाधन प्रबंधन में नियम-आधारित से भूमिका-आधारित बदलाव के समग्र उद्देश्य को सुविधाजनक बनाने के लिए आईगॉट कर्मयोगी प्लेटफॉर्म पर ऑनलाइन क्षमता-निर्माण संबंधी क्रियाकलाप

- **व्यवहार संबंधी मुद्दे:** यथास्थिति को प्राथमिकता देने के कारण नौकरशाही बदलाव का विरोध करती है।
- **दृष्टिकोण में बदलाव का सामना करने में कठिनाई:** डोमेन विशेषज्ञता की आवश्यकता के बावजूद सामान्यवादी से विशेषज्ञ भूमिकाओं में जाने पर प्रतिरोध का सामना करना पड़ सकता है।
- **तकनीकी दक्षता:** प्रभावी शासन के लिए तकनीकी दक्षता की आवश्यकता होती है, जिसके लिए कुशल कर्मियों की आवश्यकता होती है।

जवाबदेही और वित्तीय प्रशासन

भारत में लोक प्रशासन का इतिहास प्राचीन काल से ही चला आ रहा है और इसकी जड़ें चौथी शताब्दी बीसीई में भी काफी गहरी और मजबूत थीं। कौटिल्य द्वारा रचित 'अर्थशास्त्र' जन प्रशासन के बारे में विश्व की सबसे पुरानी लिखित पुस्तक है जिसमें राजनीति, सरकार तंत्र और प्रशासन के बारे में विस्तार से चर्चा की गई है।

भारत में नियंत्रक और महालेखाकार संस्थान 1860 में अस्तित्व में आया था और 1950 में इसे संवैधानिक दर्जा प्रदान किया गया। संविधान निर्माताओं ने सीएजी को संसद द्वारा स्वीकृत सरकारी व्यय पर निगरानी और अंकुश रखने की बड़ी जिम्मेदारी सौंपी थी।

नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक (CAG)

- **अनुच्छेद 148:** भारत के एक नियंत्रक-महालेखापरीक्षक होंगें जिनकी नियुक्ति राष्ट्रपति अपने हस्ताक्षर और मुद्रा सहित अधिपत्र द्वारा करेंगें और उन्हे उनके पद से केवल उसी रीति से और उन्हीं आधारों पर हटाया जाएगा जिस रीति से और जिन आधारों पर उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीश को हटाया जाता है।
- **कार्य:**
  - भारतीय लेखापरीक्षा और लेखा विभाग के प्रमुख।
  - जनता के धन का संरक्षक और केंद्र और राज्य दोनों स्तरों पर देश की संपूर्ण वित्तीय प्रणाली को नियंत्रित करता है।
  - वित्तीय प्रशासन के क्षेत्र में भारत के संविधान और संसद के कानूनों का समर्थन करता है।

CAG के संबंध में संवैधानिक प्रावधान

अनुच्छेद 148	यह CAG की नियुक्ति, शपथ और सेवा की शर्तों से संबंधित है।
अनुच्छेद 149	यह भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक के कर्तव्यों और शक्तियों से संबंधित है।
अनुच्छेद 150	संघ के और राज्यों के लेखाओं को ऐसे प्रारूप में रखा जाएगा जो राष्ट्रपति, भारत के नियंत्रक-महालेखापरीक्षक से परामर्श के प्रश्चात विहित करें।
अनुच्छेद 151	भारत के नियंत्रक महालेखापरीक्षक की संघ के लेखाओं संबंधी रिपोर्टों को राष्ट्रपति के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा जो उनको संसद के प्रत्येक संदन के समक्ष रखवाएगा।
अनुच्छेद 279	"शुद्ध आय" की गणना भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक द्वारा सुनिश्चित और प्रमाणित की जाती है, जिसका प्रमाण पत्र अंतिम होता है।
तीसरी अनुसूची	भारत के संविधान की तीसरी अनुसूची की धारा IV सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीशों और भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक द्वारा पद ग्रहण के समय ली जाने वाली शपथ या प्रतिज्ञान के प्रारूप को निर्धारित करती है।

छठी अनुसूची	इस अनुसूची के अनुसार, जिला परिषद या क्षेत्रीय परिषद को उसी रूप में रखा जाना चाहिए जैसा CAG राष्ट्रपति की मंजूरी से निर्धारित करता है। इसके अलावा इन निकायों के खातों का ऑडिट उस तरीके से किया जाता है जैसा सीएजी उचित समझे, और ऐसे खातों से संबंधित रिपोर्ट राज्यपाल को सौंपी जाएगी जो उन्हें परिषद के समक्ष रखवाएंगे।

वित्तीय प्रशासन में जवाबदेही

- वित्तीय संस्थानों में जवाबदेही तीन स्तरों पर तय की जाती है:
  - कार्यकारिणी के अंतर्गत मंत्रालय और विभाग आतंरिक लेखा परीक्षा तंत्र स्थापित करते हैं
  - बाहरी लेखा आकलन सीएजी के जिम्मे रहता है
  - विधायी समितियां स्वतंत्र जांच करती हैं
- **वित्तीय प्रणालियों में पारदर्शिता बनाए रखने वाला सुदृढ़ स्तम्भ:** प्रशासन के संघीय ढांचे के तीनों स्तरों- केंद्र सरकार, राज्य / केंद्रशासित सरकारों और स्थानीय निकायों के स्तर पर सीएजी की देशव्यापी लेखा परीक्षा व्यवस्था मौजूद है।,
- **लेखा परीक्षा के दायरे में:** संबद्ध और अधीनस्थ कार्यालय, स्वायत्त निकाय, विधायी प्राधिकरण और सार्वजनिक क्षेत्र के संस्थान (पीएसयू)

लेखा परीक्षा

ऑडिट किसी प्रक्रिया, प्रणाली, संगठन या वित्तीय रिकॉर्ड के सेट की एक व्यवस्थित जांच या समीक्षा है ताकि इसकी सटीकता, पूर्णता और स्थापित मानकों, विनियमों या नीतियों के अनुपालन को सत्यापित किया जा सके। ऑडिट आमतौर पर योग्य पेशेवरों, जैसे ऑडिटर या अकाउंटेंट द्वारा आयोजित किए जाते हैं, जो ऑडिट किए जा रहे क्षेत्र से स्वतंत्र होते हैं।

- **CAG द्वारा ऑडिट:**
  - वित्तीय प्रमाणीकरण से संस्थाओं के वित्तीय विवरणों की सत्यता सुनिश्चित करने के लिए;
  - निर्धारित नियमों, विनियमों और प्रक्रियाओं का परिपालन सुनिश्चित करने के उद्देश्य से विशेष परिपालन लेखा परीक्षा;
  - निष्पादन लेखा परीक्षा जिससे तय हो सके कि सभी प्रणालियां किफायती, कुशल और प्रभावी ढंग से काम कर रही हैं।
- **लेखापरीक्षा के लिए विषय वस्तु:** लेखा परीक्षणों की विषयवस्तु जोखिम आकलन की समग्र प्रक्रिया से तय की जाती है और इस बात का भी पूरा ध्यान रखा जाता है कि समूचे माहौल के हिसाब से ही लेखा परीक्षण प्रक्रिया लागू की जाए।

CAG ऑडिट का महत्व

- **ऑडिट टिप्पणियों का संचार:** ऑडिट टिप्पणियों को निरीक्षण रिपोर्ट, अलग ऑडिट रिपोर्ट और प्रबंधन पत्रों के माध्यम से प्रबंधन को सूचित किया जाता है, जिससे सुधारात्मक कार्रवाई की अनुमति मिलती है।
- **CAG की ऑडिट रिपोर्ट:** वे संसद और राज्य विधानमंडलों को महत्वपूर्ण ऑडिट टिप्पणियों की रिपोर्ट करने में मदद करते हैं, जिसमें केंद्र सरकार और राज्य वित्त ऑडिट रिपोर्ट, सामान्य प्रयोजन वित्तीय रिपोर्ट और अनुपालन और प्रदर्शन ऑडिट रिपोर्ट शामिल हैं।
- **वित्तीय जवाबदेही और विवेकशीलता को बढ़ाना:** इनमें व्यावहारिक, रचनात्मक और कार्रवाई उन्मुख सिफारिशें शामिल हैं।
- **सुशासन सुनिश्चित करना:** वे नीति में बदलाव, डिज़ाइन में सुधार, मध्य-पाठ्यक्रम सुधार और प्रणालियों को मजबूत करने का नेतृत्व करते हैं।
- **कर अनुपालन:** कर प्राप्तियों पर ऑडिट रिपोर्ट से करों के कम मूल्यांकन के उदाहरण सामने आते हैं।
- **सार्वजनिक धन विनियोग:** सीएजी के ऑडिट से यह सुनिश्चित करने में मदद मिली कि सार्वजनिक धन की वसूली प्रचलित कानूनों के अनुसार हो।
- **सरकारी संशोधनों पर दबाव:** आयकर अधिनियम में संशोधन।

CAG संस्था में सुधार

- एकीकृत वित्तीय प्रबंधन प्रणाली (आईएफएमएस) को अपनाना
- शासन तंत्र का स्वचालन.
- वित्तीय प्रशासन में पारदर्शिता बढ़ी और जवाबदेही में सुधार हुआ।
- लेखांकन सॉफ्टवेयर को IFMS के साथ एकीकृत किया गया, जिससे दक्षता और सटीकता में सुधार हुआ।
- डेटा-आधारित दृष्टिकोण के कारण तेज़ डिलीवरी और बेहतर परिणाम।
- डिजिटल जीएसटी राजस्व के लिए संस्थागत रूपरेखा।
- वित्तीय प्रशासन और शासन तंत्र में बाहरी कारकों की पहचान करना और नियंत्रण को मजबूत करना।
- प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण (डीबीटी) प्रणाली की प्रभावकारिता और दक्षता का आकलन करने के लिए प्रदर्शन ऑडिट, सही पहचान, कवरेज और समय पर भुगतान पर ध्यान केंद्रित किया जाता है।
- मनरेगा, पीएम आवास योजना, डीडीयूजीजेवाई, सौभाग्य, एआईबीपी और एनआरएचएम सहित विभिन्न सरकारी योजनाओं का लेखा-जोखा

संसदीय समितियां - कार्यक्षेत्र और भूमिका को सुदृढ़ बनाना

सरकार के एक प्रमुख अंग के रूप में, संसद स्वाभाविक रूप से विविध और जटिल कार्य करती है, जिनमें कानून बनाना और शासनात्मक कार्यकलापों की देखरेख करना शामिल है। चूंकि, इसके सामने रखे गए मुद्दों पर पूरी तरह से विचार-विमर्श करना मुश्किल है, इसलिए इसे संबोधित करने के लिए, इसने कई समितियों का गठन किया है जो विशिष्ट मुद्दों की विस्तार से जांच करती हैं और संसद को रिपोर्ट भेजती हैं।

संसद दो तरीकों से कार्य करती है :

- सदन में
- समितियों में समितियों द्वारा प्रस्तुत रिपोर्टों द्वारा

संसदीय समितियों का महत्व

- **सरकार के कामकाज की जांच:** यह संसद के समक्ष लाए गए विधेयकों की गुणवत्ता में सुधार करने में भी मदद करता है।
- **संसद के प्रभावी कामकाज के लिए महत्वपूर्ण:** समितियों द्वारा प्रस्तुत रिपोर्ट संसद में सूचित बहस की अनुमति देती है।
- **सभी दलों के बीच सर्वसम्मति बनाने के लिए फोरम:** यह विषय विशेषज्ञता विकसित करने और विशेषज्ञों और हितधारकों के साथ परामर्श करने में भी मदद करता है।

संसदीय समितियों का वर्गीकरण



1. **स्थायी समितियाँ**
   - **चार प्रकार:**
     - **विभाग संबंधित स्थायी समिति/विषय समितियाँ**
       - **पात्रता:** कोई मंत्री सदस्य बनने के लिए पात्र नहीं है।
       - **विषय समितियों की संख्या:** 24 विषय समितियाँ, और प्रत्येक समिति में 31 सदस्य होते हैं, जिनमें 21 लोकसभा से और 10 राज्य सभा से होते हैं।
       - **सदस्यता:** सदन में उनकी संख्या के अनुपात में
       - **कार्य:** वे प्रस्तावित कानूनों की समीक्षा करते हैं, बारीकी से जांच के लिए विषयों का चयन करते हैं और प्रत्येक मंत्रालय के लिए आवंटित बजट की जांच करते हैं।
2. **वित्तीय समितियाँ**
   - **पात्रता:** कोई मंत्री सदस्य बनने के लिए पात्र नहीं है।
   - **3 समितियाँ:**
     - प्राक्कलन **समिति:** यह मंत्रालयों के बजट पूर्व अनुमानों की जांच करती है।
     - **सार्वजनिक उपक्रम समिति:** यह सार्वजनिक उपक्रमों की कार्यप्रणाली की जांच करती है।
     - **लोक लेखा समिति:** यह संसद द्वारा अनुमोदित सरकार के व्यय विवरण की समीक्षा करती है।
3. **जवाबदेही समिति**
4. **प्रशासनिक समिति**

संसदीय समितियों के सुधार के क्षेत्र

- **सभी विधेयकों को समितियों को भेजना:**
  - वर्तमान में, विधेयक स्वचालित रूप से किसी समिति को नहीं भेजे जाते हैं।
  - किसी विधेयक को किसी समिति को भेजा जाना चाहिए या नहीं, इसका निर्णय विधेयक प्रस्तुत करने वाले मंत्री के परामर्श से अध्यक्ष या सभापति के निर्णय पर निर्भर करता है।
  - सभी विधेयकों को एक समिति के पास भेजने से यह सुनिश्चित होगा कि सभी कानून न्यूनतम स्तर की संसदीय जांच से गुजरें।
- **सांसदों की उपस्थिति:**
  - संसदीय समितियाँ सदस्यों के बीच विचार-विमर्श के माध्यम से मुद्दों पर चर्चा करने के लिए कई बैठकें आयोजित करती हैं।
  - समिति प्रणाली की सफलता के लिए इन बैठकों में सदस्यों की भागीदारी आवश्यक है।
  - हालाँकि, समिति की बैठकों में सांसदों की उपस्थिति कम है।
- **तकनीकी कर्मचारियों एवं विशेषज्ञों की कमी:**
  - समितियों की भूमिका में चयनित मामलों की सदन में संभव से अधिक गहराई से जांच करना और उन परीक्षाओं के किसी भी निष्कर्ष को सदन को रिपोर्ट करना शामिल है।
  - जटिल मुद्दों और नीतियों या कानून के संभावित प्रभाव को बेहतर ढंग से समझने के लिए संसदीय समितियाँ विशेषज्ञ गवाहों, हितधारकों और जनता से परामर्श कर सकती हैं।
- **सार्वजनिक पारदर्शिता:**
  - बैठकें बंद दरवाजों के पीछे होती हैं। हालाँकि गुप्त बैठकें पार्टी की सहमति तक पहुंचने के लिए अधिक गुंजाइश देती हैं, वे संसदीय समितियों के प्रमुख निष्कर्षों के बारे में सार्वजनिक जागरूकता में बाधा डाल सकती हैं।
  - इसलिए, संविधान के कामकाज की समीक्षा करने के लिए राष्ट्रीय आयोग (2002) ने सिफारिश की कि सभी संसदीय समितियों की प्रमुख रिपोर्टों पर संसद में चर्चा की जाए, खासकर जहां किसी समिति और केंद्र सरकार के बीच असहमति हो।

डिजिटल व्यक्तिगत डाटा संरक्षण अधिनियम, 2023

यह अधिनियम व्यक्तिगत डिजिटल आंकड़ों के संसाधन के लिए इस तरह से प्रावधान करता है जिससे व्यक्तियों की अपनी निजी जानकारियों की सुरक्षा का अधिकार और ऐसी व्यक्तिगत जानकारियों के वैध उद्देश्यों के लिए संसाधन की आवश्यकता और उससे जुड़े या प्रासंगिक मामलों दोनों को मान्यता मिलती है।

डिजिटल व्यक्तिगत डाटा संरक्षण अधिनियम, 2023

- **व्यक्तिगत डिजिटल डेटा:** वह जानकारियां जिसके द्वारा किसी व्यक्ति की पहचान संभव है
- अधिनियम निम्नलिखित प्रावधानों के द्वारा व्यक्तिगत डिजिटल आंकड़ों (अर्थात्) की सुरक्षा करता है:
  - आंकड़ों के संसाधन (अर्थात् व्यक्तिगत जानकारियों का संग्रह, भंडारण या कोई अन्य संचालन) के लिए आंकड़ा से जुड़े जिम्मेदार व्यक्ति (अर्थात जानकारियों का संसाधन करने वाले व्यक्तियों, कंपनियों और सरकारी संस्थाओं) के दायित्व;
  - डाटा प्रिंसिपल (अर्थात्, वह व्यक्ति जिससे संबंधित आंकड़ें हैं) के अधिकार और कर्तव्य ; और
  - अधिकारों, कर्तव्यों और दायित्वों के उल्लंघन के लिए वित्तीय दंड
- **उद्देश्य:**
  - डेटा के लिए जिम्मेदार व्यक्ति के द्वारा जानकारियों के संसाधन के तरीके में न्यूनतम व्यवधान के साथ आवश्यक परिवर्तन सुनिश्चित करते हुए डेटा की सुरक्षा से जुड़े कानून लागू करना;
  - जीवन में आसानी और व्यापार में सुगमता को बढ़ाना;
  - भारत की डिजिटल अर्थव्यवस्था और इसके इनोवेशन इकोसिस्टम को सक्षम बनाना।
- **सात सिद्धांत:**
  - व्यक्तिगत आंकड़ों के सहमतिपूर्ण, वैध और पारदर्शी उपयोग का सिद्धांत;
  - उद्देश्य की सीमा का सिद्धांत (डाटा प्रिंसिपल की सहमति प्राप्त करने के समय दिए गए उद्देश्य के लिए ही व्यक्ति से जुड़े आंकड़ों का उपयोग) ; न्यूनतम आंकड़ों का सिद्धांत (केवल उतनी ही व्यक्तिगत जानकारियां एकत्र करना जितना तय उद्देश्य को पूरा करने के लिए आवश्यक है) ;
  - आंकड़ों की सटीकता का सिद्धांत (ये सुनिश्चित करना कि जानकारियां सही और नवीनतम हैं);

- भंडारण की सीमा का सिद्धांत (आंकड़ों का संग्रह केवल तब तक रखना जब तक कि दिए गए उद्देश्य के लिए इसकी आवश्यकता हो) ;
- सुरक्षा के उचित उपायों का सिद्धांत;
- जवाबदेही का सिद्धांत (आंकड़ों से जुड़े और अधिनियम के प्रावधानों के उल्लंघनों पर निर्णय और दंड के माध्यम से)

नवीन विशेषताएं

- **सरल अधिनियम:** यह अधिनियम संक्षिप्त और सरल यानी आसान, सुलभ, तर्कसंगत और कार्रवाई योग्य कानून है, क्योंकि ये-
  - स्पष्ट भाषा का प्रयोग करता है;
  - इसमें ऐसे उदाहरण शामिल हैं जो अर्थ को स्पष्ट करते हैं;
  - इसमें कोई जोड़ी गई शर्त (“ बशर्ते कि...") नहीं है; और
  - इसमें प्रति संदर्भ न्यूनतम है।
- **लिंग को मान्यता:** स्त्रीवाचक शब्दों का उपयोग करके, यह अधिनियम पहली बार संसदीय कानून निर्माण में महिलाओं की भूमिका को स्वीकार करता है।

अधिनियम व्यक्तियों को निम्नलिखित अधिकार प्रदान करता है

- संसाधित व्यक्तिगत आंकड़ों के बारे में जानकारी पाने का अधिकार;
- जानकारियों को सुधारने और हटाने का अधिकार;
- शिकायत के निवारण का अधिकार;
- मृत्यु या अक्षमता की स्थिति में अधिकारों का प्रयोग करने के लिए किसी व्यक्ति को नामांकित करने का अधिकार ।

अधिनियम के तहत डेटा के लिए जिम्मेदार व्यक्ति पर दायित्व

- व्यक्तिगत आंकड़ों में सेंध को रोकने के लिए सुरक्षा उपाय करना;
- व्यक्तिगत आंकड़ों से जुड़े उल्लंघनों की जानकारी प्रभावित डाटा प्रिंसिपल और डाटा संरक्षण बोर्ड को देना;
- किसी तय उद्देश्य के लिए आवश्यकता न रहने पर व्यक्तिगत आंकड़ों को मिटाना;
- सहमति वापस लेने पर व्यक्तिगत आंकड़ों को मिटाना;
- शिकायत निवारण प्रणाली और आंकड़ों से संबधित व्यक्ति के प्रश्नों का उत्तर देने के लिए एक अधिकारी की व्यवस्था करना; और
- महत्वपूर्ण आंकड़ों के लिए जिम्मेदार व्यक्ति के रूप में अधिसूचित व्यक्ति के संबंध में कुछ अतिरिक्त दायित्वों को पूरा करना, जैसे डाटा ऑडिटर की नियुक्ति करना और उच्च स्तर की डाटा सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए समय-समय पर डाटा सुरक्षा प्रभावों का आकलन करना।

बच्चों के व्यक्तिगत डेटा की सुरक्षा करना

- अधिनियम आंकड़ा न्यासीय को केवल माता-पिता की सहमति से ही बच्चों की व्यक्तिगत जानकारियों को संसाधित करने की अनुमति देता है।
- अधिनियम आंकड़ों के ऐसे संसाधन की अनुमति नहीं देता है जो बच्चों के लिए हानिकारक हो या जिसमें उन पर नजर रखना, व्यवहार संबंधी निगरानी या लक्षित विज्ञापन शामिल हो ।

विधि को संचालित करने वाली संस्थाएँ

भारत का विधि आयोग

- भारत का विधि आयोग एक गैर- सांविधिक निकाय है और भारत सरकार, विधि और न्याय मंत्रालय, विधि कार्य विभाग की एक अधिसूचना द्वारा कानून के क्षेत्र में अनुसंधान करने के लिए विचारार्थ विषयों के साथ गठित किया गया है। आयोग विचारार्थ विषयों के अनुसार सरकार को (रिपोर्ट के रूप में) सिफारिशें करता है। सरकार ने 21 फरवरी 2020 से तीन साल की अवधि के लिए भारत के 22वें विधि आयोग का गठन किया है। 22वें विधि आयोग का कार्यकाल 31 अगस्त, 2024 तक बढ़ा दिया गया है।

22वें विधि आयोग की संरचना

- एक पूर्णकालिक अध्यक्ष;
- चार पूर्णकालिक सदस्य (सदस्य-सचिव सहित) ;
- सचिव, कानूनी कार्य विभाग, पदेन सदस्य के रूप में;
- सचिव, विधायी विभाग पदेन सदस्य के रूप में; और
- पांच से अधिक अंशकालिक सदस्य नहीं ।

ई-कोर्ट मिशन मोड परियोजना

- **राष्ट्रीय ई-गवर्नेंस योजना का हिस्सा:** भारतीय न्यायपालिका के सूचना और संचार प्रौद्योगिकी (आईसीटी) विकास के लिए यह परियोजना 2007 से कार्यान्वित की जा रही है।
- **कार्यान्वयन:** भारत के सर्वोच्च न्यायालय की ई-समिति और न्याय विभाग के सहयोग से।
- **चरण:**
  - **चरण I:** इसे 2011-2015 के दौरान लागू किया गया था।
  - **चरण II:** इसे 2015 में शुरू किया गया था जिसके तहत विभिन्न जिला और अधीनस्थ न्यायालयों को कम्प्यूटरीकृत किया गया है।

स्थायी लोक अदालत

- **विवरण:** एक वैकल्पिक विवाद निवारण तंत्र जहां कानून की अदालत में या पूर्व-मुकदमेबाजी चरण में लंबित विवादों/मामलों को सौहार्दपूर्ण ढंग से सुलझाया/समझौता किया जाता है।
- **आयोजन:** भारतीय राष्ट्रीय कानूनी सेवा प्राधिकरण (NALSA) अन्य कानूनी सेवा संस्थानों के साथ मिलकर लोक अदालतों का आयोजन करता है।
- **स्थिति:** विधिक सेवा प्राधिकरण अधिनियम, 1987 के तहत लोक अदालतों को वैधानिक दर्जा दिया गया है।
- **अपील:**
  - लोक अदालतों द्वारा दिया गया निर्णय अंतिम और सभी पक्षों के लिए बाध्यकारी होता है और ऐसे फैसले के खिलाफ किसी भी अदालत में कोई अपील नहीं की जा सकती।
  - हालाँकि, पक्षकार मुकदमेबाजी के अपने अधिकार का प्रयोग करते हुए आवश्यक प्रक्रिया का पालन करते हुए उचित क्षेत्राधिकार वाली अदालत में जाकर मुकदमा दायर करने के लिए स्वतंत्र हैं।
  - **शुल्क:** लोक अदालत में मामला दायर होने पर कोई अदालत शुल्क देय नहीं है।
- **मामलों की प्रकृति:**
  - किसी भी न्यायालय के समक्ष लंबित कोई भी मामला।
  - कोई भी विवाद जो किसी न्यायालय के समक्ष नहीं लाया गया हो और न्यायालय के समक्ष दायर किये जाने की संभावना हो।
  - कानून के तहत समझौता योग्य न होने वाले अपराध से संबंधित किसी भी मामले का निपटारा लोक अदालत में नहीं किया जाएगा।

प्रत्यक्ष कर सुधार

कर नीति में सुधार एक सतत प्रक्रिया है । समय-समय पर विभिन्न कर सुधार और प्रशासनिक पहलें की जाती हैं। वांछित प्रभाव प्राप्त करने में हमेशा समय लगता है। विशेष रूप से कर की दर में कटौती से कम अवधि में कर संग्रह में कमी आती है। इसलिए, कर सुधारों की सफलता को प्रत्येक वर्ष अलग-अलग विश्लेषण करने के बजाय एक निश्चित अवधि पर देखा जाना चाहिए। व्यापार की सुगमता भी एक ऐसा क्षेत्र है जहां कर नीतियों पर लगातार ध्यान देने की आवश्यकता है।

सरकार द्वारा किये गये कर सुधार

1. **छूट / कटौती हटाना और कर की दरें कम करना**
   - मौजूदा घरेलू कंपनियों के लिए कॉर्पोरेट कर की दर में कमी: 30% से घटाकर 25.17% (अधिभार और उपकर सहित)।
   - नई कंपनियों के लिए कम कर दर: 1 अक्टूबर, 2019 के बाद स्थापित और 31 मार्च, 2024 से पहले उत्पादन शुरू करने वाली कंपनियों पर 17.16% की कम प्रत्यक्ष कर दर (अधिभार और उपकर सहित)।
2. **कर आधार का विस्तार और गहनता**
   - **स्रोत पर नई कर कटौती (टीडीएस) और स्रोत पर कर संग्रह (टीसीएस) प्रावधान:** व्यक्ति / एचयूएफ द्वारा किराए के भुगतान पर टीडीएस, ई-कॉमर्स संचालन पर टीडीएस, एक सीमा से ऊपर नकद निकासी पर टीडीएस, व्यक्ति / एचयूएफ द्वारा बड़े भुगतान पर टीडीएस, आदि|
   - **बाजार से जुड़े डिबेंचर और ऋण म्यूचुअल फंड की बिक्री पर मध्यस्थता** को दूर करना, ऋण के रूप में वर्गीकृत व्यावसायिक ट्रस्टों से रिटर्न के कराधान पर अस्पष्टता को दूर करना।
   - **काला धन (अघोषित विदेशी आय और संपत्ति) और कर अधिरोपण अधिनियम, 2015: काले धन की समस्या से निपटने के** लिए प्रावधान करने के लिए अधिनियमित किया गया, जो विदेशों में जमा अघोषित विदेशी आय/संपत्ति है।
   - **तृतीय-पक्ष सूचना संग्रह तंत्र:** अघोषित आय/संपत्ति पर सूचना एकत्र करने के लिए इसे मजबूत किया गया है।
3. **आयकर विभाग में दक्षता बढ़ाने के लिए प्रौद्योगिकी का उपयोग करना**
   - **वार्षिक सूचना विवरण (एआईएस):** इसमें तीसरे पक्ष की जानकारी शामिल है, जो करदाताओं से अपने कर रिटर्न में सभी आय को शामिल करने और स्वेच्छा से भुगतान करने का आग्रह करती है।

- **ई-सत्यापन योजना:** इसे अतिरिक्त कर अद्यतनों की अनुमति देते हुए पेश किया गया है।
- **मूल्यांकन और उपस्थिति के लिए फेसलेस प्रणाली की शुरूआत:** इससे करदाताओं को कार्यालय जाने की आवश्यकता कम **हो गई है।**
- **करदाताओं के लिए प्रौद्योगिकी-संचालित सेवाएं:** इसमें विभाग के भीतर कर रिटर्न की शुरू से अंत तक प्रसंस्करण और रिफंड जारी करना शामिल है।

कर निश्चितता प्रदान करके मुकदमों को कम करना

- **एडवांस प्राइसिंग एग्रीमेंट (एपीए):** ट्रांसफर प्राइसिंग मुकदमों को कम करने के लिए पेश किया गया, जिसके परिणामस्वरूप वित्त वर्ष 2022 में 95 एपीए पर हस्ताक्षर किए गए।
- **ई-सत्यापन योजना:** टैक्स रिटर्न को अपडेट करने की क्षमता के साथ, इसने पुनर्मूल्यांकन नोटिस जारी करना कम कर दिया है।
- **प्रत्यक्ष कर राजस्व में वृद्धि:** प्रत्यक्ष कराधान सुधारों के परिणामस्वरूप 2013-14 और 2022-23 के बीच ~ 160% की वृद्धि।

प्रशासनिक सुधार

पिछले दशक में भारत में क्रांतिकारी सुधार अपनाए गए तथा ई-गवर्नेंस मॉडलों की मदद से सरकार के साथ नागरिक इंटरफेस को सुगम बनाकर सरकार और नागरिकों के बीच और अधिक निकटता लाना संभव हुआ है। देश के सार्वजनिक संस्थानों को पूरी तरह डिजिटल बनाया गया है जिससे लाखों भारतीयों को लाभ पहुंच रहा है। आयुष्मान भारत, प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना, प्रधानमंत्री जन-धन योजना, एक राष्ट्र- एक राशन कार्ड योजना और पासपोर्ट सेवा केंद्रों से सरकारी कामकाज में पारदर्शिता और खुलापन लाने में सफलता मिली है।

अब तक हुए सुधार

1. **अधिकतम शासन- न्यूनतम सरकार'**
   - **विजन:** इसके अंतर्गत 'डिजिटली सशक्त नागरिक' और 'डिजिटली परिवर्तित संस्थान' की परिकल्पना पर बल दिया जा रहा है तथा देश के प्रशासनिक ढांचे के आकार और स्वरूप में क्रांतिकारी बदलाव आया है।
2. **केन्द्रीकृत सार्वजनिक शिकायत निवारण और निगरानी प्रणाली (CPGRAMS)**
   - **विवरण:** एक ऑनलाइन प्लेटफ़ॉर्म जो नागरिकों को सेवा वितरण से संबंधित किसी भी विषय पर सार्वजनिक अधिकारियों के पास अपनी शिकायतें दर्ज कराने के लिए 24x7 उपलब्ध है।
   - **एकीकृत पोर्टल:** यह भारत सरकार और राज्यों के सभी मंत्रालयों/विभागों से जुड़ा है। प्रत्येक मंत्रालय और राज्यों को इस प्रणाली तक भूमिका-आधारित पहुंच प्राप्त है।
3. **राष्ट्रीय ई-सेवा डिलिवरी आकलन (NeSDA)**
   - **विवरण:** यह पूरे देश में ई-सेवा वितरण की स्थिति का आकलन करता है।
   - **मूल्यांकन:** एनईएसडीए ढांचे ने राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों के सभी सेवा पोर्टलों और चुनिंदा मंत्रालयों का सात प्रमुख मापदंडों पर मूल्यांकन किया।



4. **चिंतन शिविर**
   - **विवरण:** चिंतन शिविर में प्रशासन के ऐसे भावी मॉडल का प्रारूप तय किया गया जो 'कर्तव्य काल' में दूरगामी प्रशासनिक सुधारों को अपनाएं
5. **सिविल सेवा दिवस**
   - **आयोजन:** भारत हर साल 21 अप्रैल को 'सिविल सेवा दिवस' के रूप में मनाता है, जो देश भर के सिविल सेवकों के लिए खुद को नागरिकों के प्रति फिर से समर्पित करने और सार्वजनिक सेवा और काम में उत्कृष्टता के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को नवीनीकृत करने के अवसर के रूप में मनाया जाता है।
6. **लोक प्रशासन में उत्कृष्टता के लिए प्रधान मंत्री पुरस्कार**
   - **पुरुस्कार देने का कारण:** जिलों, केंद्र और राज्य सरकारों और संगठनों द्वारा किए गए असाधारण और अभिनव कार्यों को स्वीकार करना, पहचानना और पुरस्कृत करना।
   - **उद्देश्य:** अधिकतम भागीदारी को प्रोत्साहित करने के लिए रचनात्मक प्रतिस्पर्धा, नवाचार, प्रतिकृति और सर्वोत्तम प्रथाओं के संस्थागतकरण को प्रोत्साहित करना।
7. **ई-गवर्नेंस पर राष्ट्रीय सम्मेलन**
   - **ई-गवर्नेंस पर राष्ट्रीय सम्मेलन:** हर साल किसी एक राज्य या केंद्रशासित प्रदेश सरकार के सहयोग से बुलाई जाती है।

महिला सशक्तीकरण - हाल के सुधार

समाज में महिलाओं की भूमिका की केंद्रीयता को देखते हुए, अब यह अच्छी तरह से स्वीकार किया गया है कि एक पुरुष को सशक्त बनाने से एक व्यक्ति सशक्त होता है, लेकिन एक महिला को सशक्त बनाने से पूरी पीढ़ी सशक्त होती है। राष्ट्रीय महिला आयोग हर स्तर पर लैंगिक असमानता की कहानी को बदलने और एक ऐसी संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए काम कर रहा है जहां हर किसी को बिना किसी पूर्वाग्रह के सामाजिक, राजनीतिक और आर्थिक गतिविधियों में शामिल होने का समान, स्वतंत्र और निष्पक्ष अवसर मिले। यह भारत सरकार की दूरदृष्टि और नीति के अनुरूप है।

लिंग असमानता

- **विवरण:** लिंग के आधार पर व्यक्तियों के प्रति असमान व्यवहार या धारणा। यह एक सामाजिक मुद्दा है जो पूरे इतिहास में कायम है और दुनिया भर में विभिन्न रूपों में प्रकट होता रहता है।

लैंगिक असमानता को ख़त्म करने के लिए क्या किया जाना चाहिए?

- बाल विवाह को ख़त्म करना: सामुदायिक भागीदारी, लक्षित हस्तक्षेप और आर्थिक सशक्तीकरण कार्यक्रम लड़कियों और उनके परिवारों को सूचित विकल्प चुनने और अंतर - पीढ़ीगत गरीबी के चक्र को तोड़ने के लिए सशक्त बना सकते हैं।
- **राजनीतिक सशक्तीकरण:** निर्णय लेने की प्रक्रियाओं में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने के लिए सरकारों ने कोटा जैसी सकारात्मक कार्रवाई नीतियां अपनाई हैं। राजनीतिक दलों को अधिक महिला उम्मीदवारों को नामांकित करने के लिए प्रोत्साहित करना, नेतृत्व प्रशिक्षण प्रदान करना और प्रणालीगत बाधाओं को दूर करना राष्ट्रीय संसदों और स्थानीय सरकारों में समान प्रतिनिधित्व प्राप्त करने की दिशा में आवश्यक कदम हैं।

- **आर्थिक सशक्तीकरण:** सरकारों और व्यवसायों को समान काम के लिए समान वेतन को बढ़ावा देना चाहिए, मातृत्व अवकाश और बाल देखभाल नीतियां स्थापित करनी चाहिए, और महिलाओं के लिए वित्त और उद्यमिता प्रशिक्षण तक पहुंच प्रदान करनी चाहिए।
